कोटद्वार, रविवार
25 फरवरी 2024
वर्ष: 45
अंक: 292 पृष्ठ: 4
मूल्य: 2.00
RNI-35469/79

# जयन्त

निर्भीक – निष्पक्ष – जनसरोकार

www.dainikjayantnews.com
स्थापित 1979
संस्थापक : स्व. नरेन्द्र उनियाल

डाक पंजीयन पी.ए.ओ.07-2021-23 फोन: 9412081969 email: nagendra.uniyal@gmail.com

## एक नजर

### रेंज घोटाला मामला: पूर्व वन मंत्री हरक रावत पर कसा शिकंजा

### ईडी ने किया तलब– 29 फरवरी को पूछताछ के लिए बुलाया

नई दिल्ली ,प्रवर्तन निदेशालय ने कॉर्बेट नेशनल पार्क के पाखरो रेंज घोटाला मामले में पूर्व वन मंत्री और कांग्रेस नेता हरक सिंह रावत को तलब किया है। प्रवर्तन निदेशालय ने मनी लॉन्ड्रिंग मामले में कांग्रेस नेता हरक सिंह रावत और उनकी बहू अनुकृति को तलब किया है। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने बताया कि हरक सिंह रावत और उनकी बहू अनुकृति को 29 फरवरी को पूछताछ के लिए बुलाया है। बता दें कि केंद्रीय एजेंसी ने 7 फरवरी को मनी लॉन्ड्रिंग मामले को लेकर हरक सिंह रावत और अन्य लोगों के परिसरों पर छापेमारी की थी। एजेंसी ने छापेमारी के दौरान लगभग 1.20 करोड़ रुपये और विदेशी मुद्रा, सोना और बड़े पैमाने पर दस्तावेज जब्त किए थे। हालांकि, श्वष्ठ ने इसके संबंध में ज्यादा जानकारी नहीं दी थी। ईडी ने पूर्व डीएफओ किशन चंद और पूर्व वन रेंज अधिकारी बृज बिहारी शर्मा के ठिकानों पर रेड की थी।

बता दें कि हरक सिंह रावत पूर्व वन मंत्री हैं। उन्होंने साल 2022 के उत्तराखंड विधानसभा चुनाव से पहले भाजपा छोड़ दी थी और कांग्रेस पार्टी में शामिल हो गए थे। ईडी ने कहा कि इस घोटाले में शामिल लोगों के खिलाफ जांच राज्य में दर्ज दो अलग–अलग एफआईआर के आधार पर शुरू हुई थी।

### 1 जुलाई से लागू होंगे 3 नए कानून, धाराओं में ये आएगा बदलाव

नई दिल्ली , केंद्र सरकार ने तीन नए आपराधिक कानूनों को 1 जुलाई 2024 से लागू किए जाने की अधिसूचना जारी कर दी। नए कानून के लागू होने के बाद जो धाराएं अपराध की पहचान बन चुकी थीं, उनमें भी बदलाव होगा। जैसे हत्या के लिए लगाई जाने वाली ढ्ढक्क्ष्ट की धारा 302 अब धारा 101 कहलाएगी। ठगी के लिए लगाई जाने वाली धारा 420 अब धारा 316 होगी। हत्या के प्रयास के लिए लगाई जाने वाली धारा 307 अब धारा 109 कहलाएगी। वहीं दुष्कर्म के लिए लगाई जाने वाली धारा 376 अब धारा 63 होगी। तीनों नए आपराधिक कानून भारतीय दंड संहिता, आपराधिक प्रक्रिया संहिता और साक्ष्य अधिनियम की जगह लेंगे। यानी अब इंडियन पीनल कोड की जगह भारतीय न्याय संहिता, क्रिमिनल प्रोसीजर कोड की जगह भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता और एविडेंस एक्ट की जगह भारतीय साक्ष्य अधिनियम लागू हो जाएगा। नए कानूनों में मॉब लिंचिंग, यानी जब 5 या इससे ज्यादा लोगों का एक समूह मिलकर जाति या समुदाय आदि के आधार पर हत्या करता है, तो ग्रुप के हर सदस्य को आजीवन कारावास की सजा दी जाएगी। इन तीनों कानूनों का मुख्य उद्देश्य देश में आपराधिक न्याय प्रणाली को बदलना है जोकि अंग्रेजों के जमाने से चले आ रहे कानूनों पर चल रही थी, इससे छुटकारा मिल सकेगा. इन कानूनों में राजद्रोह के अपराध को भी समाप्त किया गया है। इसमें राज्य के खिलाफ अपराध करने की एक नई धारा का शामिल किया गया है।

### शरद पवार ने लॉन्च किया पार्टी का नया चुनाव चिह्न, बोले– यह संघर्ष की शुरुआत है

रायगढ़ ,महाराष्ट्र के रायगढ़ जिले में एनसीपी के संस्थापक शरद पवार ने शनिवार को अपने संगठन का नया चुनाव चिन्ह लॉन्च किया। पार्टी का नया चिह्न तुरुही बजाता हुआ व्यक्ति है। चुनाव निन्ह को लॉन्च करते समय शरद पवार ने कहा कि यहां से स्वराज्य की स्थापना कर शिवाजी महाराज ने सामान्य लोगों के लिए काम किया। यह संघर्ष की शुरुआत है।

यहीं पर सर्वसामान्य लोगों के लिए काम करने की प्रेरणा मिलेगी। महाराष्ट्र में सत्तारूढ़ बीजेपी और एकनाथ शिंदे के नेतृत्व वाली शिवसेना के साथ गठबंधन करने के लिए अजित पवार ने एनसीपी के दो फाड़ कर दिए थे और अपनी पार्टी को ही असली एनसीपी बताया, जिसके महीनों बाद चुनाव आयोग ने हाल ही में उनके गुट को ही असली एनसीपी के रूप में मान्यता दी और उसे चुनाव चिन्ह दीवार घड़ी आवंटित की।

बाद में चुनाव आयोग ने शरद पवार के गुट को राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी–शरदचंद्र पवार नाम दिया।

# हल्द्वानी हिंसा का मास्टरमाइंड अब्दुल मलिक दिल्ली से गिरफ्तार

● पुलिस लंबे समय से कर रही थी तलाश



नई दिल्ली , हल्द्वानी हिंसा के मास्टरमाइंड अब्दुल मलिक को दिल्ली से गिरफ्तार कर लिया गया है। पुलिस उसकी लंबे समय से तलाश कर रही थी। हल्द्वानी पुलिस के मुताबिक, ये गिरफ्तारी दिल्ली से हुई है। मलिक का बगीचा अब्दुल मलिक का ही था, जहां अवैध निर्माण हटाने के लिए प्रशासन गया था। इसके बाद हिंसा हुई थी। अब्दुल मलिक 8 फरवरी को भडक़ी हिंसा का मुख्य आरोपी बनाया गया था। उस पर मलिक का बगीचा के अतिक्रमण को हटाए जाने के दौरान पुलिस और प्रशासन की टीम के खिलाफ भीड़ को उकसाने और उन पर जानलेवा हमला कराने का आरोप है। इस मामले में अब्दुल मलिक के खिलाफ केंद्रीय गृह मंत्रालय की ओर से लुक आउट सर्कुलर भी जारी हो चुका है। अब उसके बारे में दावा किया जा रहा है कि उसकी गिरफ्तारी हो चुकी है। यह दावा अब्दुल मलिक के वकीलों ने किया है। अब्दुल मलिक के वकील अजय बहुगुणा, शलभ पांडे और देवेश पांडे ने दावा किया कि उन्होंने एक एंटीसिपेटरी बेल यानी अग्रिम जमानत याचिका हल्द्वानी के सेशन कोर्ट में दाखिल की थी। इस याचिका में अपील की गई है कि घटना के दिन अब्दुल मलिक यहां नहीं थे। इसी याचिका के दौरान उन्होंने बताया कि अब्दुल मलिक का एक पता भी इसमें लिखा गया था, जो दिल्ली का था। बताया जा रहा है कि इसी आवेदन को देखने के बाद उत्तराखंड पुलिस उस पते पर पहुंची। वहां से अब्दुल मलिक को गिरफ्तार कर लिया है। हालांकि, अभी पुलिस की ओर से इस संबंध में पुष्टि की जा रही है।

### अशासकीय स्कूल शिक्षक–कर्मियों के लिए 25 करोड़ जारी

देहरादून। राज्य के छह जिलों के अशासकीय स्कूलों के शिक्षक, शिक्षणेत्तर और पीटीए कार्मिकों के वेतन–मानदेय के लिए 25 करोड़ जारी कर दिए।

शिक्षा विभाग के वित्त नियंत्रक हेमेंद्र प्रकाश गंगवार ने सभी सीईओ को बजट उपयोग के आदेश दिए हैं। मासिक रूप से होने से वाले खर्च का पूरा ब्योरा हर माह की आठ तारीख तक निदेशालय को मुहैया कराना होगा। यह बजट स्कूलों की मांग के अनुसार चमोली, रुद्रप्रयाग, पौड़ी, हरिद्वार, अल्मोडा और चंपावत के लिए जारी हुआ है। माध्यमिक शिक्षक संघ के प्रदेश महामंत्री जगमोहन सिंह रावत ने कहा कि देहरादून के नवनियुक्त पीटीए के अलावा बाकी जिलों के पीटीए के मानदेय के लिए भी बजट जारी हुआ। दून के पीटीए शिक्षकों की समस्याओं के समाधान के लिए संघ लगातार संघर्ष कर रहा है।

# माघ पूर्णिमा के स्नान पर धर्मनगरी में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़



हरिद्वार। माघ पूर्णिमा के स्नान पर्व पर हरकी पैड़ी और उसके आसपास के घाटों पर श्रद्धालुओं का आना शुरू हो गया। सूर्योदय के साथ ही श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी।

श्रद्धालुओं ने स्नान के बाद पूजा–अर्चना कर सुख–समृद्धि की कामना की। श्रद्धालुओं की भीड़ से बाजारों में रौनक लौट आयी। इससे व्यापारियों के चेहरे खिल उठे। जिला प्रशासन ने स्नान के लिए सुरक्षा के कड़े बंदोबस्त किए थे। माघ पूर्णिमा के स्नान पर्व पर देशभर से श्रद्धालु गंगा में स्नान करने धर्मनगरी पहुंचे।

सुबह सूर्योदय के साथ ही श्रद्धालु हरकी पैड़ी और आसपास के घाटों पर श्रद्धा की डुबकी लगाते नजर आए। पंजाब, राजस्थान, हरियाणा, दिल्ली, उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड राज्य के अलग अलग जिलों से श्रद्धालु माघ पूर्णिमा के स्नान को करने हरिद्वार पहुंचे।

# मुख्यमंत्री ने किया 10.77 लाख की लागत से निर्मित इंटरलॉकिंग टाइल्स निर्माण कार्य का लोकार्पण



जयन्त प्रतिनिधि। देहरादून : मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने संत शिरोमणि श्री गुरु रविदास मंदिर पहुंचकर पूजा-अर्चना की और देश व प्रदेश की खुशहाली की कामना की। मुख्यमंत्री ने 10.77 लाख रुपए की लागत से निर्मित इंटरलॉकिंग टाइल्स निर्माण कार्य का लोकार्पण किया और गुरु रविदास मंदिर दीर्घा का भी शुभारंभ किया। उन्होंने विभिन्न प्रतियोगिताओं में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले 6 प्रतिभागियों को सम्मानित किया।

मुख्यमंत्री ने सन्त शिरोमणि रविदास जी को नमन करते हुए श्रद्धांजलि दी। उन्होंने कहा कि आज का दिन ऊंच-नीच, छुआछूत, भेदभाव को मिटाकर जीवन में सबको साथ लेकर चलने के लिए संकल्प लेने का दिन है। आज का दिन सामाजिक बुराइयों और कुरीतियों को दूर कर आपसी भाईचारे को ही सच्चा धर्म मानने का दिन है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि संत रविदास जी सामाजिक समरसता और मानवतावादी मूल्यों के पुरोधा थे, जिन्होंने समाज में फैली बुराइयों तथा कुरीतियों को दूर करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। भारत का इतिहास रहा है, जब भी देश को जरूरत हुई है, कोई न कोई संत या ऋषि भारत में जन्म लेते रहे हैं। संत रविदास जी उस भक्ति आंदोलन के महान संत थे, जिन्होंने कमजोरों को नई ऊर्जा दी। संत रविदास जी ने समाज को आजादी का महत्व भी बताया और सामाजिक विभाजन को भी पाटने का काम किया। संत रविदास जी ने एक ऐसे समाज की कल्पना की थी जहां किसी भी प्रकार का लोभ, लालच, दुःख, दरिद्रता, भेदभाव नहीं हो, उनके बताये रास्तों पर चलते हुए हम सुखी जीवन के सूत्र सीख सकते हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि महान संत गुरु रविदास जी के संदेशों को अपनाकर ही आज का भारत और उत्तराखंड विकास पथ पर तेजी से अग्रसर है। संत रविदास जी सामाजिक परिवर्तन के प्रतीक हैं, इसलिए उनके संकल्प को ही ध्येय मानकर हम उत्तराखंड के सुदूर व दुर्गम क्षेत्रों में बसे गरीबों, वंचितों और पिछड़ों की सेवा हेतु प्रयासरत हैं। प्रधानमंत्री जी के नेतृत्व वाली डबल इंजन की सरकार संत शिरोमणि रविदास जी के बताए मार्ग पर चलकर दलित,,शोषित, पिछड़ों व वंचितों के कल्याण के लिए कृतसंकल्पित है। सन्त रविदास ने कहा था कि ह्लऐसा चाहूं राज मैं, मिले सबन को अन्नह्व छोट,बड़ो सब सम बसे, रविदास जी रहे प्रसन्न। अर्थात मैं, एक ऐसा राज चाहता हूं जिसमें सभी को अन्न मिले कोई भूखा न रहे, हर कोई एक समान, समरस होकर रहे । संत रविदास जी के इस विचार को आत्मसात कर प्रधानमंत्री जी के नेतृत्व वाली सरकार में हम भी अंत्योदय के भाव के साथ निरंतर कार्य कर रहे हैं।

### शादी का झांसा देकर युवती के साथ दुष्कर्म

विकासनगर। शादी का झांसा देकर युवती के साथ दुष्कर्म किया गया। पुलिस ने आरोपी युवक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। मामले में अन्य लोगों पर भी अलग–अलग धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया है। कोतवाली पुलिस को युवती ने तहरीर देकर बताया कि आरोपी मुर्सलीन निवासी सहसपुर ने उसे शादी का झांसा दिया। आरोपी ने अलग–अलग जगह ले जाकर दुष्कर्म किया। आरोप है कि बीती 22 फरवरी को भी आरोपी ने उसके साथ दुष्कर्म किया। युवती का कहना है कि आरोपी की पहले से शादी हो रखी है, उसने शादी की बात छुपाई। जब उसने शादी करने की बात कही तो आरोपी मुकर गया।

आरोपी के साथी जावेद निवासी जीवनगढ, नफीस निवासी जीवनगढ, नसीमा निवासी जीवनगढ, सलीम निवासी जीवनगढ और गुलिस्ता निवासी जीवनगढ ने जान से मारने की धमकी दी। एसएसआई संजीत कुमार ने बताया कि आरोपियों के खिलाफ अलग–अलग धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया है।

# महिलाओं को सबल बनाना उनकी सरकार की प्राथमिकता : पीएम मोदी



वाराणसी ,प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि महिलाओं को आगे बढ़ाना और उन्हें आर्थिक व सामाजिक रूप से सशक्त करना उनकी सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। पीएम मोदी अपने संसदीय क्षेत्र वाराणसी में दो दिवसीय यात्रा के दौरान महिलाओं के एक समूह से बात कर रहे थे। बातचीत के दौरान महिलाओं ने उन्हें प्राप्त गिर नस्ल की गाय की खूबियों व उनसे होने वाले लाभ के बारे में प्रधानमंत्री को अवगत कराया। महिलाओं ने कहा कि जब से वे गिर गाय पालने लगी हैं, उनके जीवन में बहुत सकरात्मक बदलाव आया है। गायों के दूध को वे यहां स्थापित अमूल की डेरी में देती हैं। इससे उनकी आय पहले के मुकाबले बढ़ गई है। अब वे अपनी निजी खर्च के लिए दूसरों पर निर्भर नहीं हैं। गायों के गोबर का इस्तेमाल जैविक उर्वरक के रूप में भी करने की बात महिलाओं ने बताई। उन्होंने कहा कि इस उर्वरक का इस्तेमाल करने से उनके खेत की उर्वरता बढ़ गई है। इससे फसलों का उत्पादन पहले की तुलना में अधिक हो गया है। इसके चलते उन्होंने अब अपने खेत में रासायनिक उर्वरकों का प्रयोग कम कर दिया है। इसके कारण जहां उनके पैसे की बचत हो रही है, वहीं खेत में पौष्टिक फसलों का उत्पादन हो रहा है।

कुछ महिलाओं ने अपने अनुभव का वर्णन करते हुए बताया कि गिर गाय के दूध का इस्तेमाल करने से उनको कई बीमारियों से भी छुटकारा मिल गया।

# यूसीसी की दिशा में असम सरकार का बढ़ा कदम, निरस्त किया मुस्लिम विवाह–तलाक अधिनियम

### कैबिनेट ने दी मंजूरी



दिसपुर , असम कैबिनेट ने राज्य में रहने वाले मुसलमानों द्वारा विवाह और तलाक के पंजीकरण से जुड़े 89 साल पुराने कानून को रद्द करने का फैसला किया। इसको लेकर पर्यटन मंत्री जयंत मल्ला बरुआ ने बताया कि हमारे मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा ने पहले ही घोषणा की थी कि असम समान नागरिक संहिता लागू करेगा। आज हमने असम मुस्लिम विवाह और तलाक पंजीकरण अधिनियम, 1935 को निरस्त करने का निर्णय लेकर उस दिशा में एक बहुत ही महत्वपूर्ण निर्णय लिया है। इस अधिनियम में मुस्लिम विवाह और तलाक के स्वैच्छिक पंजीकरण का प्रावधान था और सरकार को एक मुस्लिम व्यक्ति को ऐसे पंजीकरण के लिए आवेदन पर मुस्लिम विवाह और तलाक को पंजीकृत करने के लिए अधिकृत करने वाला लाइसेंस प्रदान करना होता था। पर्यटन मंत्री बरुआ ने कहा कि आज के इस फैसले के बाद असम में अब इस कानून के तहत मुस्लिम विवाह और तलाक को पंजीकृत करना संभव नहीं होगा। हमारे पास पहले से ही एक विशेष विवाह अधिनियम है और हम चाहते हैं कि सभी विवाह इसके प्रावधानों के तहत पंजीकृत हों।

मंत्री जयंत मल्ला बरुआ ने बताया कि असम में वर्तमान में 94 अधिकृत व्यक्ति हैं जो मुस्लिम विवाह और तलाक का पंजीकरण कर सकते हैं। लेकिन कैबिनेट के फैसले के साथ, जिला अधिकारियों द्वारा इसके लिए निर्देश जारी करने के बाद उनका अधिकार समाप्त हो जाएगा। बरुआ ने कहा, चूंकि ये व्यक्ति विवाह और तलाक का पंजीकरण करके आजीविका कमा रहे थे, इसलिए राज्य कैबिनेट ने उन्हें प्रत्येक को 2 लाख का एकमुश्त मुआवजा प्रदान करने का निर्णय लिया है।

### हमें मोहब्बत की दुकान खोलनी है तो सबसे पहले भाई को भाई से गले मिलना है – राहुल गांधी

मुरादाबाद , कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने कहा कि हमें मोहब्बत की दुकान खोलनी है तो सबसे पहले भाई को भाई से गले मिलना है। राहुल गांधी ने शनिवार को भारत जोड़ो न्याय यात्रा के दौरान आयोजित जनसभा में कहा कि यहां पर एक धर्म को दूसरे धर्म से लड़ाया जाता है। एक जाति को दूसरी जाति से लड़ाया जाता है। एक भाषा को दूसरी भाषा से लड़ाया जाता है। हमें मोहब्बत की दुकान खोलनी है तो सबसे पहले भाई को भाई से गले मिलना है। यह देश को जोड़ता है।

देश को तोड़ता नहीं है। नफरत का बाजार हम नहीं चलाते हैं। आपको समझना होगा कि नफरत से नफरत नहीं कट सकती है। आप सब यहां हैं, मैं दिल से आपका धन्यवाद करता हूं।प्रियंका गांधी ने कहा, हम न्याय यात्रा पर निकले हैं। यह न्याय शब्द क्यों जोड़ा है, क्योंकि देश के नौजवानों के साथ अन्याय हो रहा है।

# अमित शाह और जेपी नड्डा ने की यूपी नेताओं संग बैठक, सीएम योगी के साथ दोनों डिप्टी सीएम भी रहे मौजूद



नई दिल्ली , भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शनिवार को उत्तर प्रदेश भाजपा कोर ग्रुप के नेताओं के साथ बैठक कर लोकसभा चुनाव की तैयारियों की समीक्षा की। बैठक में खासतौर पर मैनपुरी और रायबरेली सहित उत्तर प्रदेश में हारी हुई 14 सीटों पर चर्चा की गई।

जेपी नड्डा और अमित शाह की मौजूदगी में शनिवार को भाजपा मुख्यालय में हुई बैठक में उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, उत्तर प्रदेश के दोनों उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य एवं ब्रजेश पाठक, प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी और प्रदेश संगठन महासचिव धर्मपाल सहित कई अन्य नेता मौजूद रहे।

सूत्रों की मानें तो इस बैठक में खासतौर पर प्रदेश की हारी हुई 14 लोकसभा सीटों को लेकर विचार–विमर्श किया गया। दरअसल, भाजपा पिछले लंबे समय से देशभर में लोकसभा की 160 सीटों को अपने लिए कमजोर मानकर उस पर विशेष तैयारी कर रही है। अब भाजपा ने इन हारी हुई सीटों पर राज्यवार चर्चा करनी शुरू कर दी है और इसी के तहत शाह और नड्डा ने शनिवार को उत्तर प्रदेश भाजपा नेताओं के साथ बैठक की। शनिवार को ही छत्तीसगढ़, पश्चिम बंगाल और तेलंगाना के नेताओं के साथ भी बैठक हो सकती है। उत्तर प्रदेश की बात करें तो 2019 के लोकसभा चुनाव में भाजपा को राज्य में 49.98 प्रतिशत मत के साथ 62 सीटों और उसके सहयोगी अपना दल (एस) को 1.21 प्रतिशत मत के साथ 2 सीटों पर जीत हासिल हुई थी। बाद में भाजपा ने उपचुनाव में सपा से आजमगढ़ और रामपुर लोकसभा सीट छीन ली। लेकिन, उत्तर प्रदेश की 14 लोकसभा सीटें अभी भी विपक्षी दलों के कब्जे में हैं और शनिवार की बैठक में इन्हीं 14 सीटों पर विशेष चर्चा की गई।

# मुख्यमंत्री ने जगदगुरू शंकराचार्य स्वामी राज राजेश्वराश्रम महाराज से भेंट कर लिया आशीर्वाद



जयन्त प्रतिनिधि। हरिद्वार : मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने शनिवार को कनखल स्थित जगद्गुरु शंकराचार्य आश्रम में जगदगुरू शंकराचार्य स्वामी राजराजेश्वराश्रम महाराज से भेंट कर उनका आशीर्वाद प्राप्त किया। जगद्गुरु शंकराचार्य आश्रम में, शंकराचार्य स्वामी राजराजेश्वराश्रम महाराज के साथ मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी हवन यज्ञ में भी शामिल हुए। जगद्गुरु शंकराचार्य आश्रम कनखल में आयोजित श्रीमद् भागवत कथा के अवसर पर शनिवार को स्वामी प्रकाशानंद के षोडश निर्वाण महोत्सव के अवसर पर विधि-विधान से हवन यज्ञ व भंडारे का आयोजन किया गया। इसमें मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी सहित प्रदेश के कैबिनेट मंत्री सतपाल महाराज, सुबोध उनियाल, सांसद डॉ.रमेश पोखरियाल निशंक, व विधायकगण शामिल हुए। सभी ने हवन यज्ञ में आहुतियां डाली और प्रदेश में कॉमन सिविल कोड लागू होने की खुशी में भंडारे का प्रसाद ग्रहण किया। जगद्गुरु शंकराचार्य स्वामी राजराजेश्वराश्रम महाराज से विधानसभा अध्यक्ष श्रीमती ऋतु खण्डूड़ी, मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी समेत कैबिनेट मंत्रियों ने आशीर्वाद प्राप्त किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने पत्रकारों से अनौपचारिक वार्ता के दौरान कहा कि समान नागरिक संहिता प्रदेश में लागू करने के लिए उत्तराखंड के लोगों ने इस पर हमें अपना समर्थन दिया है। इस मसले पर सब से वार्ता करने के बाद हम इसे राज्य में लागू करने का निर्णय ले सके हैं।

### बिहार : पटना में छात्रा डिप्टी सीएम की गाड़ी के आगे कूदी

पटना ,पटना में एक छात्रा बिहार के उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी की कार के सामने कूद गई। हालांकि, ड्राइवर ने समय रहते ब्रेक लगा दिया, जिससे हादसा टल गया। घटना बिस्कोमान भवन के पास हुई।

लडक़ी अन्य छात्रों के साथ राज्य सरकार के खिलाफ विरोध प्रदर्शन कर रही थी, क्योंकि शिक्षा मंत्रालय ने एसटीईटी में शामिल होने वाले उम्मीदवारों को राज्य में शिक्षक भर्ती के तीसरे चरण के लिए आवेदन पत्र भरने की अनुमति नहीं दी। छात्र बिस्कोमान भवन के बाहर विरोध प्रदर्शन कर रहे थे, जहां उपमुख्यमंत्री एक कार्यक्रम के लिए मौजूद थे। उन्होंने चौधरी के काफिले को रोकने की कोशिश की और एक छात्रा उनकी कार के सामने कूद गई। उसे मामूली चोटें आईं और वह कुछ मिनट के लिए बेहोश हो गई।

# बड़ा फैसला : हरियाणा के किसानों को अब कभी नहीं देना होगा आबियाना

● 4299 गांवों के किसानों को होगा लाभ

चंडीगढ़ ,पिछले साढ़े 9 सालों में हरियाणा के किसानों के हितों व उनके कल्याण के प्रति वचनबद्धता का परिचय देते हुए मनोहर सरकार ने नित नई–नई योजनाएं चलाकर किसानों का उत्थान किया है। एक बार फिर मुख्यमंत्री मनोहर लाल के नेतृत्व में राज्य सरकार ने किसानों के हितों में बड़ा ऐतिहासिक फैसला लेते हुए ब्रिटिश शासन के समय से किसानों को नहरी पानी की आपूर्ति पर लगाया जाने वाला आबियाना समाप्त करने का निर्णय लिया है।

मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने वर्ष 2024–25 के बजट में बड़ी घोषणा करते हुए कहाकि 1 अप्रैल, 2024 से नहरी पानी की आपूर्ति पर प्रदेश में किसानों से लिया जाने वाला आबियाना बंद किया जाएगा। इससे किसानों को बड़ा लाभ होगा। मुख्यमंत्री की इस घोषणा से 4299 गांवों के किसानों को 140 करोड़ रुपए का एकमुश्त लाभ होगा। साथ ही, 54 करोड़ रुपये की वार्षिक राहत भी मिलेगी। उल्लेखनीय है कि हरियाणा के इतिहास में आज तक कभी भी आबियाना को खत्म नहीं किया गया है। साल दर साल यह आबियाना चलता आ रहा था। पहली बार मुख्यमंत्री मनोहर लाल के नेतृत्व में वर्तमान सरकार ने आबियाना बंद करने का कदम उठाया है।

इस ऐतिहासिक फैसले से सरकार ने ब्रिटिश शासन से चली आ रही परंपरा को खत्म करते हुए किसानों को आर्थिक रूप से सशक्त करने का काम किया है।

# बर्बादी के दो साल

**श्रुति व्यास**

इस हफ्ते यूक्रेन–रूस युद्ध के दो साल पूरे हो जाएंगे। मतलब यूक्रेन और रूस दोनों के लिए बर्बादी के दो साल। इन दो वर्षों में दोनों देशों में जनजीवन पूरी तरह अस्तव्यस्त हो गया है। रूस के ड्रोन और मिसाईल हमलों से यूक्रेननेस्तानबूत हो गया है वही रूस व्लादिमीर पुतिन की बर्बरता को झेलता हुआ है। और दुनिया? वो दर्शक दीर्घा में है। इन दो सालों में पलड़ा कभी इस ओर तो कभी उस ओर झुकता रहा है। कभी रूस युद्ध जीतता नजर आता था तो कभी यूक्रेन की स्थिति मजबूत होती दिखती थी। इस पूरे दौर में पश्चिम ने रूस पर पाबंदियां लगाए रखीं और यूक्रेन के जेलेंस्की

धन और समर्थन हासिल करने के लिए भागदौड़ करते रहे। संयुक्त राष्ट्र संघ ने एक प्रस्ताव पारित कर रूस से यूक्रेन की ज़मीन पर कब्जा छोडने् की मांग की लेकिन इसने पुतिन को और वहशी बना दिया। अंतर्राष्ट्रीय अदालत ने उन्हें युद्ध अपराधी घोषित किया लेकिन इससे पुतिन की ताकत और बढ़ी। युद्ध के मोर्चे पर रूस के कब्जे वाले यूक्रेनी क्षेत्र में 0.2 प्रतिशत की बढ़ोत्तरी हुई है। युद्ध को ले कर दुनिया बंटी हु है। रूस के मामले में पश्चिम एक खेमे में था तो रूस और उसके साथी दूसरे खेमे में। भारत रूस के साथ बना हुआ है। अलेक्सेई नवलनी की मृत्यु के बाद म्युनिख में हुए सुरक्षा सम्मेलन में भाजपा के प्रवक्ता जयवीर शेरगिल ने साफ शब्दों में कहा कि भारत रूस का अभिन्न मित्र और साथी था और रहेगा। मोदी के दौर में मोदी के भारत को व्लादिमीर पुतिन के रूप में एक अज़ीज़ दोस्त मिल गया है। भारत ने युद्ध अपराधी पुतिन को पैसा कमाने में जितनी मदद की है उतनी किसी और देश ने नहीं की। आखिरकार यह कलयुगी अंतर्राष्ट्रीय संबंध हैं। युद्ध अपराधी, मित्र बन जाते हैं और मित्र, युद्ध अपराधी बन जाते हैं। इस तरह युद्ध के इन दो सालों में हर कोई जीत रहा था और हर कोई हार भी रहा था।इसके असर में देशों खजाने खाली हुए। अर्थव्यवस्थाएं पटरी से उतर गईं। लोगों का मूड ख़राब होता गया। पश्चिम की चमक कम होती गई। और बाकी दुनिया की ताकत और हिम्मत दोनों बढ़ती गईं। युद्ध के दो साल पूरे होते–होते खबरें चल रही हैं कि पुतिन जीत रहे हैं। अचानक हालात पुतिन के पक्ष में होते नजर आ रहे हैं। उन्हें कई कत्लों की कोई सजा नहीं भुगतनी पड़ी है, जिनमें से सबसे ताज़ा है अलेक्सेई नवेलनी की मौत। उन पर प्रतिबंधों का कोई असर नहीं हुआ है। बल्कि उन्होंने विदेशों से हथियार हासिल कर लिए हैं। उन्हें ईरान से ड्रोन और उत्तरी कोरिया से तोपों के बम मिले हैं। वे ग्लोबल साउथ को अमेरिका के खिलाफ खड़ा करने में सफल रहे हैं। वे पश्चिम के इस दृढ़ विश्वास को कमजोर करने में कामयाब रहे हैं कि यूक्रेन इस युद्ध के बाद एक संपन्न यूरोपीय लोकतंत्र के रूप में उभर सकता है और उसे उभरना चाहिए। और ऐसा होना भी चाहिए। पुतिन ने दृढ़ विश्वास और धैर्य का परिचय दिया है। वे युद्ध के कई सालों तक खिंचने के लिए तैयार हैं, इसके बावजूद कि डोनबास क्षेत्र के अवडिविका शहर पर कब्जे के लिए हुई लड़ाई में हर दिन उनके 900 सैनिक मारे गए। यूक्रेन, जो एक समय मजबूत स्थिति मे था अब काफी कमजोर है क्योंकि पश्चिम भी अब दुर्बल स्थिति में है। अमेरिका और यूरोप में दबी जुबान से कहा जाने लगा है कि यूक्रेन को धन और हथियार देना उन्हें पानी में फेंकने जैसा है। ऐसा लगता है कि 2024 में रूस युद्ध लडने् के लिए बेहतर स्थिति में होगा क्योंकि उसके पास ज्यादा ड्रोन और तोपों के गोले होंगे,। उसकी सेना ने कुछ किस्मों के यूक्रेनी हथियारों का मुकाबला करने की इलेक्ट्रानिक युद्ध की तकनीकी सफलतापूर्वक तैयार कर ली हैं और क्योंकि पुतिन अपने ही लोगों पर निष्ठुरता से बर्बरता कर रहे हैं तो देश में भी उनकी स्थिति मजबूत है। विपक्ष और असहमति का सफाया हो गया है और वे रूसियों को यह भरोसा दिलाने में सफल हैं कि रूस पश्चिम के विरूद्ध अस्तित्व की लड़ाई लड़ रहा है। आम रूसी भले ही युद्ध को पसंद न करते हों, लेकिन वे युद्ध के आदी हो गए हैं। अर्थव्यवस्था पर धन कुबेरों की पकड़ मजबूत है और वे बहुत पैसा कमा रहे हैं, इतना कि वे युद्ध में मारे जाने वालों के परिवारों को जिंदगी भर वेतन देने में पुतिन की मदद कर सकते हैं।

यह सचमुच दुःखद है कि भाग्य पुतिन पर मेहरबान है। उनके सितारे बुलंद हैं। राजनीतिक हालात, सेना और जनता का मूड सब उनके पक्ष में हैं। वहीं यूक्रेन और जेलेंस्की निराशा और अंधकार में धकेल दिए गए हैं। वहां उच्च पदस्थ व्यक्तियों में आपसी टकराव है। आंतरिक रायशुमारी से लगता है कि घोटालों और यूक्रेन के भविष्य संबंधी चिंताओं के चलते मतदाताओं के बीच जेलेंस्की की छवि को धक्का पहुंचा है। युद्ध के लिए उपलब्ध धनराशि घटती जा रही है, अमेरिकी कांग्रेस और पैसा देने में हिचकिचा रही है और यूरोपीय संघ में रणनीतिक दूरदृष्टि का अभाव है। जेलेंस्की और यूक्रेन के प्रति मित्र देशों का समर्थन कम होता जा रहा है।

# कांग्रेस को कमजोर बताना विपक्ष के लिए भी घातक

**अजीत द्विवेदी**



भारतीय जनता पार्टी तो मुख्य विपक्षी कांग्रेस को दुश्मन नंबर एक मान कर उसे खत्म करने की राजनीति कर ही रही है लेकिन आश्चर्यजनक रूप से कांग्रेस की सहयोगी होने का भ्रम बनाए बैठीं प्रादेशिक पार्टियां भी कांग्रेस को कमजोर करने या आम जनता की नजर मे उसे कमजोर बताने की रणनीति पर काम कर रही हैं। प्रधानमंत्री बनते ही नरेंद्र मोदी ने कांग्रेस मुक्त भारत का नारा दिया था और इस पर अमल करते हुए वे इतना आगे निकल कर गए हैं कि पूरी भाजपा को ही कांग्रेस युक्त बना डाल रहे हैं।

उनकी बात समझ में आती है क्योंकि अपनी सत्ता के तमाम स्थायित्व के बावजूद वे हमेशा इस बात से आशंकित रहते हैं कि कांग्रेस की वापसी हो सकती है। यह देश भले लोकतांत्रिक है लेकिन राजा और राजा के वंशजों को पूजने की परंपरा भी कहीं न कहीं जीवित है। तभी मोदी को नेहरू–गांधी परिवार की पांचवीं पीढ़ी की चिंता लगी रहती है और वे कांग्रेस को खत्म करने के साथ साथ हमेशा परिवारवाद पर हमला करते रहते हैं। उनके लिए परिवारवाद का मूल मतलब सिर्फ नेहरू–गांधी परिवार है।

बहरहाल, पिछले कुछ समय से कई दूसरी पार्टियां भी कांग्रेस के कमजोर होने की धारणा बना रही हैं। वे जनता के बीच यह मैसेज दे रही हैं कि कांग्रेस भाजपा का मुकाबला नहीं कर पाएगी। उनको लग रहा है कि कांग्रेस को कमजोर बता कर उसका वोट अपनी तरफ किया जा सकता है और भाजपा के मुकाबले विपक्ष का बड़ा स्पेस हासिल किया जा सकता है। कुछ राज्यों में इस रणनीति के कामयाब होने के बाद आम आदमी पार्टी या तृणमूल कांग्रेस जैसी पार्टियां इसे देश के स्तर पर आजमा रही हैं। हालांकि उन्होंने राज्यों में की अपनी गलतियों से कोई सबक नहीं सीखा है।

मिसाल के तौर पर मेघालय का जिक्र किया जा सकता है, जहां कांग्रेस 15 विधायकों की मजबूत पार्टी थी। लेकिन पश्चिम बंगाल की सत्ता और संसाधन के दम पर ममता बनर्जी ने मेघालय में कांग्रेस को तोड़ दिया और उसके नेता मुकुल संगमा सहित 14 विधायकों को अपनी पार्टी में मिला लिया। इसका नतीजा यह हुआ कि पिछले साल के विधानसभा चुनाव में भाजपा के पूर्व सहयोगी कोनरेड संगमा की एनपीपी पहले से ज्यादा मजबूत हो गई। कांग्रेस का 27 फीसदी वोट कांग्रेस और तृणमूल के बीच बंट गया और कोनरेड की पार्टी को 10 फीसदी वोट का फायदा हुआ। अगर कांग्रेस नहीं टूटी होती और तृणमूल का उसके साथ तालमेल होता तो मेघालय के पिछले चुनाव में तस्वीर बदल सकती थी।

आम आदमी पार्टी और तृणमूल कांग्रेस दोनों यही राजनीति कर रहे हैं। आप के चुनाव रणनीतिकार और राज्यसभा सांसद संदीप पाठक ने पिछले दिनों कहा कि दिल्ली में कांग्रेस का कोई भी सांसद या विधायक नहीं है और सिर्फ नौ पार्षद हैं इसलिए उसकी हैसियत लोकसभा की एक भी सीट लेने की नहीं है लेकिन आम आदमी पार्टी गठबंधन धर्म निभाते हुए उसे एक सीट देने को तैयार है। वे चुनाव रणनीतिकार हैं और यह बात इस तथ्य के बावजूद कही कि 2019 के लोकसभा चुनाव में कांग्रेस को 22 फीसदी और आम आदमी पार्टी को 18 फीसदी वोट मिले थे।

यानी आप से चार फीसदी ज्यादा वोट कांग्रेस को मिले थे। फिर भी विधायक और सांसद नहीं होने के नाम पर उन्होंने कहा कि कांग्रेस की हैसियत एक भी सीट लेने की नहीं है। दूसरी ओर उन्हीं संदीप पाठक ने असम में तीन सीटों पर आम आदमी पार्टी के उम्मीदवारों की घोषणा कर दी, जहां विधायक, सांसद तो छोड़िए आप का कोई पार्षद भी नहीं है। आप के पास एक फीसदी भी वोट नहीं है पर तीन सीटें चाहिएं लेकिन दिल्ली में कांग्रेस को 22 फीसदी वोट मिले थे और वह एक भी सीट की हकदार नहीं है!आज हर पार्टी अगर कांग्रेस की हैसियत माप रही है तो उसके लिए कहीं न कहीं कांग्रेस खुद भी जिम्मेदार है। विपक्षी पार्टियों के गठबंधन ह्यइंडियाह्व की तीसरी बैठक मुंबई में हुई थी तो तय हुआ था कि 31 अक्टूबर तक सभी पार्टियों के बीच सीटों का बंटवारा हो जाएगा। लेकिन कांग्रेस ने उस समय चुप्पी साध ली। कांग्रेस के नेता इस मुगालते में थे कि पांच राज्यों के चुनाव में चमत्कार होने जा रहा है और कांग्रेस तीन या चार राज्यों में जीतेगी। उसके बाद अपनी शर्तों पर सहयोगी पार्टियों से बात करेगी। लेकिन उसका यह दांव उलटा पड़ गया। वह सिर्फ एक तेलंगाना में जीत पाई और हिंदी पट्टी के तीनों राज्यों– राजस्थान, मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ में हार गई।

उसके बाद सहयोगी पार्टियों को मौका मिल गया। हर पार्टी कांग्रेस की हैसियत बताने लगी। तृणमूल कांग्रेस ने कहा कि पश्चिम बंगाल में कांग्रेस की हैसियत दो सीट की है और वह अगले चुनाव में पूरे देश में 40 सीट भी नहीं जीत पाएगी तो आम आदमी पार्टी ने कहा कि दिल्ली में एक भी सीट की हैसियत नहीं है। शिव सेना ने प्रदेश में कांग्रेस को अपने से छोटी पार्टी बताया तो झारखंड में झारखंड मुक्ति मोर्चा ने कांग्रेस को अपने से कम सीट देने की मंशा जाहिर की। उत्तर प्रदेश में अखिलेश यादव ने पहले 11 और फिर 17 सीट का प्रस्ताव देकर कांग्रेस को उसकी हैसियत बता ही दी है।लेकिन कांग्रेस को इतना कमजोर बताने की विपक्षी पार्टियों की रणनीति उनके अपने लिए भी ठीक नहीं है।

# मराठा आरक्षण के बावजूद

मुद्दा यह है कि क्या आरक्षण से गरीबी या शैक्षिक पिछड़ेपन की समस्या दूर हो जाएगी? क्या ऐसा पहले से आरक्षण प्राप्त समुदायों में हो गया है? तमाम अध्ययन और अनुभव बताते हैं कि ऐसा नहीं हुआ है। महाराष्ट्र सरकार ने मराठा समुदाय को आरक्षण देने के लिए विधानसभा से विधेयक पारित करा लिया है। यह प्रावधान इस रूप में किया गया है, जिससे ओबीसी समुदाय नाराज ना हो। मराठा संगठन ओबीसी श्रेणी के अंदर आरक्षण मांग रहे थे, लेकिन राज्य सरकार ने उनके लिए अलग से आरक्षण का प्रावधान किया है। इस तरह ये आरक्षण 50 प्रतिशत की उस सीमा से बाहर होगा। यह सीमा सुप्रीम कोर्ट ने लगा रखी है। वैसे यह सीमा आर्थिक रूप से पिछड़े समुदायों के लिए दस प्रतिशत आरक्षण के प्रावधान के साथ पहले ही टूट चुकी है। तो उसे मिलाकर अब महाराष्ट्र में सरकारी नौकरियों और शिक्षा संस्थानों में कुल आरक्षित सीटों की संख्या 70 प्रतिशत हो जाएगी। तो क्या नई व्यवस्था न्यायिक परीक्षण में खरी उतरेगी? मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने कहा है कि चूंकि कई राज्यों में 50 प्रतिशत से ज्यादा आरक्षण लागू किया गया है, तो महाराष्ट्र में भी यह टिकाऊहोगा। हाल ही में बिहार में आरक्षण की सीमा बढ़ाकर 75 प्रतिशत कर दी गई है। लेकिन मराठा नेता मनोज जरांगे पाटिल को शिंदे की बात पर भरोसा नहीं है। पाटिल ने कहा है कि महाराष्ट्र सरकार ने अलग श्रेणी के तहत जो आरक्षण दिया है, वह मराठा समुदाय को मंजूर नहीं है। मराठों को ओबीसी कोटे से ही आरक्षण चाहिए। महाराष्ट्र में मराठा समुदाय की आबादी 28 प्रतिशत है। यह समुदाय राजनीतिक तौर पर राज्य में सबसे प्रभावशाली माना जाता है। इसके बावजूद मराठा समुदाय में गरीबी रेखा से नीचे के 21.22 प्रतिशत परिवार हैं। मुद्दा यह है कि क्या आरक्षण से गरीबी या शैक्षिक पिछड़ेपन की समस्या दूर हो जाएगी? क्या ऐसा पहले से आरक्षण प्राप्त समुदायों में हो गया है? तमाम अध्ययन और अनुभव बताते हैं कि ऐसा नहीं हुआ है। बुनियादी वजह यह है कि आरक्षण की हर लड़ाई का मकसद मौजूद अवसरों में अधिक हिस्सा पाना है। जबकि ये अवसर इतनी संख्या में मौजूद नहीं हैं, जिनसे सबकी विकास एवं बेहतर जीवन की आकांक्षा पूरी हो। असल मुद्दा ऐसी आर्थिकी और विकास नीति का है, जिनसे मांग के अनुरूप ऐसे अवसर बढ़ें। लेकिन ये बात चर्चा से बाहर है।

## प्रियंका राज्यसभा नहीं मिलने से नाराज?

कांग्रेस के जानकार सूत्रों का कहना है कि प्रियंका गांधी वाड्रा नाराज हैं। वे राज्यसभा से अपनी पारी की शुरुआत करना चाहती थीं लेकिन उनको मौका नहीं मिला। पिछले कई बरसों से उनक करीबी नेता इसकी मांग कर रहे हैं। इस बार पक्के तौर पर कहा जा रहा था कि वे राज्यसभा में जाएंगी। उन्होंने खुद इसके लिए बहुत भागदौड़ की थी। पिछले दिनों वे शिमला में थीं तो वही से हैदराबाद गई थीं और मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी से मिल कर लौटी थीं। कहा जा रहा था कि वे हिमाचल प्रदेश या तेलंगाना से राज्यसभा में जा सकती हैं। जब यह तय हो गया कि सोनिया गांधी राजस्थान से राज्यसभा में जाएंगी तब उनकी उम्मीद और बढ़ गई थी कि वे हिमाचल से उच्च सदन में जा सकती हैं। लेकिन उनका नाम नहीं तय हुआ और सोनिया गांधी ने रायबरेली के लोगों को एक भावुक चि्ी लिखी तो उसमें संकेत दे दिया कि परिवार का कोई सदस्य चुनाव लड़ सकता है। बताया जा रहा है कि इस बात से प्रियंका नाराज हैं। वे अमेठी में पिछले चुनाव में राहुल गांधी का हस्र देख चुकी हैं। इसलिए उनको पता है कि वे रायबरेली लड़ेंगी तो भाजपा की पूरी मशीनरी उनको हरवाने में जुट जाएगी। इसलिए वे लडऩा नहीं चाहती हैं।

# समय के सर्वश्रेष्ठ उपयोग

**डॉ. नन्दकिशोर साह**

हमारे शरीर में एक घड़ी होती है, जिससे बायोलॉजिकल क्लॉक कहा जाता है। यदि आप निश्चित समय पर निश्चित काम करने की आदत डाल लेते हैं, तो उस समय आपका शरीर और मन दोनों ही उस काम को करने के लिए पूरी तरह तैयार होते हैं। सूरज उगने से दो घंटे पहले उठें और सूरज डूबने के दो घंटे बाद सो जाएँ। जल्दी सोने से जब आप सुबह चार बजे उठते हैं, तो आपके पास समय ही समय रहेगा। यदि आपका पड़ोसी जल्दी उठना है तो आप उससे भी ज्यादा जल्दी उठे। क्योंकि सुबह के एक घंटे में आप जितना काम कर लेते हैं, उतना दोपहर में तीन घंटों में हो पाता है। समय के सर्वश्रेष्ठ उपयोग में सबसे बड़ी दिक्क़त दूसरों की तरफ़ से आती है और सुबह में यह दिक्क़त सबसे कम होती है। सुबह मोबाइल का टेंशन भी नहीं रहता है। अख़बार भी देर से आता है। बच्चे भी प्रायः देर से उठते हैं। इसलिए आप पूरी एकाग्रता से काम कर सकते हैं। सुबह 10 बजे तक खुश रहेंगे, तो बाकी का दिन आपकी परवाह स्वयं कर लेगा।

समय बचाने के लिए आपको काम का सही समय चुनना होगा। जैसे ही आप कोई महत्वपूर्ण काम शुरू करते हैं, वैसे ही बाधाओं की गुरुत्वाकर्षण शक्ति सक्रिय हो जाती है और आपको नीचे धकेलने लगती है। दूसरे लोग आकर आपके काम में विघ्न डालते हैं। हर अच्छे काम में बाधाएं हमेशा आती है। मेरी सलाह यह है कि अपने जीवन को 10 मिनट की इकाइयों में बांट दें ताकि निरर्थक गतिविधियों में न्यूनतम समय बर्बाद हो। आप अपने मिनट का ध्यान रखेंगे, तो घंटे अपनी परवाह खुद कर लेंगे। आप 10 मिनट में बहुत कुछ कर सकते हैं। यह 10 मिनट अगर चले गए तो हमेशा के लिए चले जाएंगे।

हमारे पूर्वजों की जीवनशैली ज्यादा स्वस्थ थी, क्योंकि वे प्रकृति के क़रीब थे। प्रकृति की लय में कार्य करते थे। सुबह का वातावरण इतना पवित्र और शांत रहता था कि ऋषि–मुनि ब्रह्म मुहूर्त में भजन–पूजन करते थे। वे मुर्गे की बाँग के साथ उठते थे और चाँद निकलने पर सो जाते थे। इस तरह वे अपने शरीर को प्रकृति के सामंजस्य में रख रहे थे। आज आधुनिकता की होड़ में कृत्रिमता का माहौल इतना बढ़ चुका है कि प्रकृति से मनुष्य का सारा संपर्क ही टूट चुका है। रात को देर तक जागने से मनुष्य की प्राकृतिक लय ख़त्म हो जाती है और वह सुबह देर से उठता है। नतीजा यह होता है कि उसका हाज़मा खराब होता है, क़ब्ज़ की शिकायत रहती है, ताजग़ी और स्फूर्ति का अभाव होता है और दिन भर उसके शरीर में आलस भरा रहता है। व्यक्ति का मिजाज चिड़चिड़ा हो जाता है। छोटी–छोटी बात पर क्रोध व गुस्सा करता है।

जो लोग सोचते हैं कि उनके पास शरीर के व्यायाम के लिए समय नहीं है। उन्हें देर–सबेर बीमारी के लिए समय निकालना पड़ता है। व्यायाम तो एक निवेश है, जिसका आपको समय प्रबंधन के संदर्भ में कई गुना फल मिलेगा। एक तो इससे आपका स्वास्थ्य अच्छा रहता है, जिससे बीमारी के कारण आपका कीमती समय नष्ट नहीं होता। दूसरे, इससे आपके शरीर के साथ–साथ दिमाग में भी स्फूर्ति और चुस्ती आ जाती है। तीसरे आपका आलस दूर हो जाता है।

# फिल्म शैतान का ट्रेलर रिलीज, आर माधवन की शैतानी चाल से परिवार को बचाते दिखे अजय देवगन



अभिनेता अजय देवगन पिछले कुछ समय से अपनी फिल्म शैतान को लेकर सुर्खियों में हैं। यह फिल्म इसलिए भी खास है, क्योंकि इसमें उनके साथ पहली बार आर माधवन नजर आएंगे। फिल्म में दोनों एक–दूसरे के आमने–सामने होंगे।बीते दिन इस फिल्म का नया पोस्टर सामने आया था, जिसके जरिए बताया गया था कि जल्द ही अच्छाई और बुराई के बीच जंग होगी और अब फिल्म का ट्रेलर भी रिलीज हो गया है।

अजय दृश्यम 2 के बाद फिर सुपरनैचुरल हॉरर थ्रिलर फिल्म शैतान में अपने परिवार को हर मुश्किल से बचाते हुए दिख रहे हैं। हालांकि, इस बार उनका सामना शैतानी शक्तियों और काले जादू से है। शैतान बने माधवन का खूंखार अंदाज देखने लायक है। अजय से उनका यह टकराव यकीनन फिल्म की रिलीज को लेकर दर्शकों की बेकरारी बढ़ाने वाला है।वह फिल्म में अजय की नाक में दम करते दिख रहे हैं। उधर ज्योतिका का अभिनय भी जोरदार है।

इस फिल्म को जियो स्टूडियो, पैनोरमा स्टूडियो और देवगन फिल्म्स ने मिलकर बनाया है। यह फिल्म सिद्धार्थ मल्होत्रा की योद्धा से एक हफ्ते पहले 8 मार्च, 2024 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।फिल्म के निर्देशन की कमान विकास बहल ने संभाली है। बताया जा रहा है कि इसके जरिए दर्शकों को रोमांच का जबरदस्त डोज मिलेगा और ट्रेलर देख भी यही लगता है।अब देखना होगा कि बॉक्स ऑफिस पर अजय और माधवन की यह जंग क्या कमाल दिखाती है।

अजय निर्देशक रोहित शेट्टी की फिल्म सिंघम अगेन में भी नजर आएंगे।इसके अलावा अजय के पास फिल्म मैदान है, जिसमें वह फुटबॉल कोच सैयद अब्दुल रहीम की भूमिका निभाएंगे।अजय इस साल औरों में कहां दम था नाम की एक फिल्म भी लेकर आ रहे हैं। खास बात यह है कि इसमें एक बार फिर तब्बू उनकी जोड़ीदार होंगी।अजय की फिल्म रेड 2 भी कतार में है, जिसमें उनकी जोड़ी वाणी कपूर के साथ बनी है।

माधवन की फिल्म अमेरिकी पंडित कतार में है। इसमें उनकी जोड़ी साउथ की मशहूर अभिनेत्री मंजू वारियर के साथ बनी है।उधर फिल्म टेस्ट में वह अभिनेता सिद्धार्थ और नयनतारा के साथ दिखेंगे।सी शंकरन नायर की बायोपिक भी माधवन के खाते से जुड़ी है। इसके जरिए पहली बार उन्हें अक्षय कुमार का साथ मिला है।माधवन महान वैज्ञानिक जीडी नायडू की बायोपिक का हिस्सा भी हैं। इसके अलावा जाने–माने निर्देशक मित्रण जवाहर की फिल्म भी उनके पास है।

## फाइटर का बॉक्स ऑफिस पर तगड़ा अटैक! वर्ल्डवाइड 350 करोड़ के क्लब में शामिल हुई फिल्म

2024 की शुरुआत फाइटर जैसी साल की पहली हिट फिल्म के साथ हुई है. फिल्म ना सिर्फ घरेलू बॉक्स ऑफिस पर बल्कि दुनियाभर में भी दमदार कमाई कर रही है. फाइटर 25 जनवरी को रिलीज हुई थी और अब 25 दिनों के कलेक्शन के साथ फिल्म वर्ल्डवाइड 350 करोड़ क्लब का हिस्सा बन गई है.

फाइटर ने जहां रिलीज के शुरुआती दिनों में शानदार कमाई की तो वहीं बीच में फिल्म का बिजनेस डाउन हो गया था. लेकिन अब एक बार फिर फिल्म की रफ्तार तेज हुई है और फाइटर ने वर्ल्डवाइड 352 करोड़ का धांसू कलेक्शन कर लिया है. खास बात ये है कि 350 करोड़ क्लब का हिस्सा बनने वाली फाइटर इस साल की पहली हिंदी फिल्म है.घरेलू बॉक्स ऑफिस पर भी सिद्धार्थ आनंद की फाइटर का दबदबा कायम है. रिलीज के 25 दिन बाद भी फिल्म हर रोज करोड़ का आंकड़ा छूने में कामयाब है और 200 करोड़ क्लब का हिस्सा बन चुकी है. फाइटर एक एरियल एक्शन फिल्म है जिसमें दीपिका पादुकोण, अनिल कपूर और करण सिंह ग्रोवर भी अहम किरदार में दिखाई दिए हैं.फाइटर के साथ सिद्धार्थ आनंद ने सेमी–हिट से लेकर ब्लॉकबस्टर तक बॉक्स ऑफिस पर बैक–टू–बैक आठ फिल्में दी हैं. डायरेक्टर ने साल 2005 में रिलीज हुई फिल्म सलाम नमस्ते के साथ अपने करियर की शुरुआत की थी.

# खुलेआम बेईमानी करते नजर आए इंग्लिश खिलाड़ी, यशस्वी को आउट करने के लिए पार की सारी हदें; कैमरे में पकड़ा गया झूठ

नई दिल्ली। भारत और इंग्लैंड के बीच रांची में चौथा टेस्ट मैच खेला जा रहा है। दिन का खेल खत्म होने पर इंग्लिश टीम मजबूत स्थिति में है और भारतीय टीम ने अपने 7 विकेट सिर्फ 219 रन के स्कोर पर गंवा दिए हैं। हालांकि, दूसरे सेशन में एक समय ऐसा भी था, जब इंग्लिश टीम पूरी तरह से बैकफुट पर थी और यशस्वी जायसवाल बल्ले से धमाल मचा रहे थे। यशस्वी को आउट करने की खातिर कप्तान बेन स्टोक्स और इंग्लिश टीम बीच मैदान पर बेईमानी करती हुई नजर आई। हालांकि, इंग्लैंड टीम का झूठ कैमरे की मदद से पकड़ा गया।

**बेईमानी पर उतारू हुई इंग्लिश टीम**

दरअसल, यशस्वी जायसवाल शुभमन गिल के साथ मिलकर शानदार बल्लेबाजी कर रहे थे। यशस्वी बेहद आसानी से बाउंड्री खोज रहे थे और इंग्लिश गेंदबाजों के लिए रनों पर लगाम लगाना मुश्किल हो रहा था। पारी के 20वें ओवर में ओली रोबिन्सन की गेंद को यशस्वी ने शॉट लगाने का प्रयास किया, पर गेंद बल्ले का भारी किनारा लेते हुए विकेटकीपर की पास चली गई।

कीपर बेन फोक्स ने आगे की तरफ डाइव लगाते हुए कैच लपका और बेन स्टोक्स समेत पूरी इंग्लिश टीम जोरदार जश्न मनाने लगी। हालांकि, यशस्वी अपनी क्रीज पर ही खड़े रहे, जिसके बाद ऑन फील्ड अंपायर ने थर्ड अंपायर की मदद ली।



**रिप्ले में पकड़ा गया झूठ**

रिप्ले में साफतौर पर देखा गया कि गेंद फोक्स के दस्तानों में जाने से पहले ही मैदान पर टप्पा खा चुकी थी। यह जानते हुए भी इंग्लिश टीम और कीपर बेन फोक्स ने यशस्वी का विकेट लेने की खातिर बेईमानी की और कैच को सही करार दिया। थर्ड अंपायर ने रिप्ले देखने के बाद यशस्वी को नॉटआउट करार दिया। सोशल मीडिया पर फैन्स इस हरकत के लिए इंग्लैंड को जमकर ट्रोल कर रहे हैं।

**यशस्वी ने खेली शानदार पारी**

यशस्वी जायसवाल ने शानदार बल्लेबाजी करते हुए इस सीरीज में एक और अर्धशतक जमाया। यशस्वी ने बेहतरीन बल्लेबाजी करते हुए 117 गेंदों पर 73 रन की दमदार पारी खेली। यशस्वी ने इस सीरीज में 600 रन भी पूरे कर लिए हैं। वह भारत की ओर से एक टेस्ट सीरीज में 600 या उससे ज्यादा रन बनाने वाले बाएं हाथ के पहले बल्लेबाज हैं।

# मुशीर ने 18 साल की उम्र में मुंबई के लिए रचा इतिहास, वसीम जाफर का रिकॉर्ड टूटते–टूटते बचा

नई दिल्ली। भारतीय अंडर–19 क्रिकेट टीम के स्टार बल्लेबाज मुशीर खान ने रणजी ट्रॉफी में अपने पहला दोहरा शतक जड़कर इतिहास रच दिया है। मुशीर खान मुंबई के ऐसे दूसरे युवा बल्लेबाज बने जिन्होंने दोहरा शतक जमाया है। इससे पहले पूर्व भारतीय बल्लेबाज वसीम जाफर ने मुंबई के लिए रणजी में यह कमाल किया था।

सरफराज खान के छोटे भाई मुशीर खान अंडर–19 वर्ल्ड कप के बाद ही लगातार चर्चा में हैं। अपने दमदार प्रदर्शन से वह भारतीय टीम के दरवाजे पर दस्तक दे रहे हैं। भारतीय टीम से पहले वह रणजी ट्रॉफी में धमाल मचा रहे हैं। बड़ौदा के खिलाफ मुंबई के लिए खेलत हुए मुशीर ने अपना पहला दोहरा शतक जड़ दिया है।

**मुंबई के लिए बने संकटमोचन**

रणजी ट्रॉफी के क्वार्टर फाइनल में मुशीर मुंबई के लिए संकटमोचन बनकर उभरे। पहले दिन शतक जड़ने के बाद दूसरे दिन इससे दोहरे शतक में तब्दील किया। दोहरा शतक जड़ते ही मुशीर ने इतिहास रच दिया। मुशीर ने 18 साल 362 दिन में दोहरा शतक जड़ने वाले मुंबई के दूसरे बल्लेबाज बने।



**वसीम जाफर के बाद किया हर कमाल**

मुशीर से पहले मुंबई के लिए पूर्व भारतीय बल्लेबाज वसीम जाफर ने यह कमाल किया था। साल 1996–97 में वसीम जाफर ने रणजी ट्रॉफी में पहला दोहरा शतक जड़ा था। तब वह 18 साल 262 दिन के थे। मुशीर उनका रिकॉर्ड तोड़ने से पीछे रह गए।

मुंबई की पहली पारी 384 पर सिमटी

बता दें कि पहले दिन बड़ौदा के खिलाफ मुंबई की हालत खराब थी। मुंबई ने 99 के स्कोर पर अपने चार बल्लेबाजों को खो दिया था। तब मुशीर बल्लेबाजी करने आए। मुशीर ने अपने अंदाज में बल्लेबाजी करते हुए नाबाद दोहरा शतक जड़ा। वह 203 रन बनाकर नाबाद रहे। मुंबई की पहली पारी 384 रन पर समाप्त हुई।

## फैंस के 'जिम्बाबर' कहने पर भड़क गए बाबर, गुस्से में कर दी यह हरकत

नई दिल्ली। पाकिस्तान के पूर्व कप्तान बाबर आजम पीएसएल मैच के दौरान फैंस के ट्रोल करने पर अपना आपा खो बैठे। बाबर आजम फैंस पर भड़क गए और पानी बोतल से फेंककर मारने की धमकी भी दी। बाबर के इस रिएक्शन पर फैंस हैरानी जताई है। पाकिस्तान के पूर्व कप्तान बाबर आजम को पीएसएल (ढरछ) मैच के दौरान फैंस के एक समूह ने ट्रोल किया। वह तकनीकी कर्मचारियों के साथ मैदान के किनारे बैठे थे। तभी कुछ फैंस ने 'जिम्बाबर' के नारे लगाए। इस पर बाबर आजम भड़क गए। पेशावर जाल्मी के कप्तान बाबर आजम ने फैंस पर पानी की बोतल फेंकने की धमकी दी।

**गुस्से का वायरल हो रहा वीडियो**

वायरल वीडियो में दिख रहा है कि बाबर ने गुस्से में बोतल उठाई और फैंस की तरफ फेंकने का इशारा किया। हालांकि बाबर ने उनकी तरफ बोतल नहीं फेंकी। पूर्व कप्तान पाकिस्तान सुपर लीग में अपने देशवासियों द्वारा की गई ट्रोलिंग से काफी नाराज दिखे। अब इसका वीडियो सोशल मीडिया पर खूब वायरल हो रहा है।

# धनुष की डी50 फिल्म के शीर्षक से उठा पर्दा

साउथ सुपरस्टार धनुष इन दिनों अपने कई फिल्मों की शूटिंग में व्यस्त हैं। वहीं अब फैंस के लिए बड़ी खुशखबरी सामने आ चुकी है। अभिनेता की फिल्म डी50 को आधिकारिक शीर्षक मिल चुका है। फिल्म के निर्माताओं ने धनुष की 50वीं फिल्म के शीर्षक से पर्दा उठा दिया है। अब इस फिल्म का नाम रायण है। फिल्म के नाम का खुलासा करने के साथ ही निर्माताओं ने इसका फर्स्ट लुक पोस्टर भी जारी किया है।

फैंस के बेसब्री से धनुष की इस फिल्म का इंतजार है। फिल्म के निर्माताओं ने आधिकारिक तौर पर फिल्म के शीर्षक का एलान किया। साथ ही उन्होंने फिल्म से अभिनेता का पहला पोस्टर भी जारी किया, जिसमें धनुष का दमदार अवतार नजर आ रहा है। फिल्म के आधिकारिक प्रोडक्शन हाउस सन पिक्चर्स ने पोस्टर और फिल्म का शीर्षक एक्स अकाउंट पर साझा किया और



बताया कि रायण तमिल, हिंदी और तेलुगु में रिलीज होगी। सन पिक्चर्स के आधिकारिक एक्स हैंडल पर पोस्ट साझा करते हुए लिखा, डी50 अब रायण है। धनुष द्वारा लिखित और निर्देशित फिल्म में संगीत एआर रहमान ने दिया है, जो अब तमिल, तेलुगु और हिंदी में रिलीज होने के लिए तैयार है। पोस्टर में धनुष को एक फूड ट्रक के सामने खड़े देखा जा सकता है। मूंछ रखे हुए धनुष गंभीर नजर आ रहे हैं। आउटफिट में वे लाल शर्ट और एप्रन में नजर आ रहे हैं। धनुष ने पिछले साल जुलाई में फिल्म का फिल्मांकन और निर्देशन शुरू किया था। इसकी घोषणा एक नए पोस्टर के साथ की गई थी, जिसमें अभिनेता को सिर मुंडाए हुए दिखाया गया था। हालांकि, अभिनेता का चेहरा नजर नहीं आया था। पोस्टर में कारखानों को भी दिखाया गया है, जो घोषणा पोस्टर के जैसा है, जिसमें आसमान तक लाल रंग के निशान हैं। वहीं अब दर्शकों को रायण के कलाकारों और क्रू के बारे में अधिक जानकारी का बेसब्री से इंतजार है। धनुष को आखिरी बार कैप्टन मिलर में देखा गया था।

# बदल रहा मौसम, अस्पताल में बढ़ी मरीजों की संख्या




कोटद्वार का बेस अस्पताल जहां इन दिनों मरीजों की संख्या बढ़ रही है

## दोपहर की धूप व सुबह शाम की ठंड आमजन को कर रही बीमार

जयन्त प्रतिनिधि। कोटद्वार : सुबह-शाम की ठंड व दोपहर के समय खिल रही तेज धूप ने आमजन को बीमार करना शुरू कर दिया है। घर-घर में इन दिनों सर्दी, जुकाम व बुखार के मरीज बढ़ने लगे हैं। राजकीय बेस अस्पताल में प्रतिदिन तीन से चार सौ मरीज उपचार के लिए पहुंच रहे हैं। यही हालत निजी अस्पतालों में भी देखने को मिल रहा है। बदलते मौसम में चिकित्सक लोगों को स्वास्थ्य के प्रति सतर्क रहने की सलाह दे रहे हैं। पिछले एक सप्ताह से मौसम में लगातार परिवर्तन देखने को मिल रहा है। दोपहर के समय खिल रही तेज धूप ने लोगों को गर्मी का एहसास करवाना शुरू कर दिया है। जबकि, सुबह व शाम अब भी ठंड बरकरार है। दरअसल, अधिकतम और न्यूनतम तापमान में ज्यादा अंतर होने से शरीर खुद को इस अनुसार आसानी से नहीं ढाल पाता। ऐसे में बदलता मौसम लोगों के स्वास्थ्य पर भारी पड़ रहा है। खान-पान या फिर गर्म कपड़े पहनने को लेकर की गई लापरवाही भी सेहत बिगाड़ रही है।

### एकदम से न उतारें गर्म कपड़े

फिजीशियन डा. जेपी ध्यानी बताते हैं कि जाती हुई सर्दी को हल्के मे न लें। फुल स्लीव कपड़े पहन स्वयं को बीमार होने से बचाया जा सकता है। जैकेट या ज्यादा हैवी कपड़े पहनने का मन नहीं है तो स्वेटर जरूर पहनें। इससे सर्दी और जुकाम से बचाव रहेगा। साथ ही खानपान पर भी विशेष ध्यान दें। जितना हो सके गर्म पानी ही पिए। फ्रीज में रखा बासी भोजन न खाएं। सर्दी, जुकाम, बुखार या अन्य किसी भी प्रकार की परेशानी होने पर तुरंत चिकित्सक से सलाह लें।

# जीवन में लक्ष्य तय कर आगे बढ़े विद्यार्थी



रतेश शर्मा सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कालेज में विद्यार्थियों को सम्मानित करते शिक्षक व अतिथि

जयन्त प्रतिनिधि। कोटद्वार : जानकीनगर स्थित रतेश शर्मा सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कालेज में 12वीं के विद्यार्थियों के लिए विदाई समारोह का आयोजन किया गया।

इस दौरान शिक्षकों ने विद्यार्थियों को जीवन में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। कहा कि लक्ष्य तय कर मेहनत करने वाले विद्यार्थियों को एक दिन जरूर मंजिल मिलती है।

आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय के प्रबंधक राजेंद्र जखमोला, मीनाक्षी शर्मा, प्रधानाचार्य मनोज कुकरेती, अनिल कोटनाला ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्जवलित कर किया। वक्ताओं ने विद्यार्थियों को जीवन में आगे बढ़ने की सीख दी। कहा कि विद्यार्थियों को जीवन में अपना लक्ष्य तय करना चाहिए। कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने अपने अनुभव भी साझा किए। मुख्य अतिथियों ने बेहतर खेल के लिए वंश कुमार, वैशाली नैनवाल, सर्वश्रेष्ठ म्यूजिशियन के लिए अनिरुद्ध चंदोला, दीपाली मलासी, सर्वश्रेष्ठ कल्चरल एक्टिव के लिए सोनू कुमार, खुशबू कंडलवा, सर्वश्रेष्ठ क्रिएटिव के लिए रक्षित ध्यानी, अंजली नेगी, अनुशासन के लिए सुधांश शाह, सुहानी नेगी को सम्मानित किया। शिक्षकों ने विद्यार्थियों को बोर्ड परीक्षाओं की बेहतर तैयारी के भी गुर सिखाए। इस मौके पर राहुल भाटिया, शिवम बड़ोला, सरोज नेगी, सुलतान सिंह नेगी, मधुबाला नौटियाल, संगीता कुकशाल, विनीता बिष्ट आदि मौजूद रहे।

### मौसम का मिजाज बदला

पौड़ी : शनिवार को मौसम का मिजाज बदला रहा। सुबह से ही बादलों के घिरने का सिलसिला जारी रहा। दिनभर कभी धूप तो कभी बादल घिरते रहे। दोपहर बाद आसमान बादलों से घिरा रहा। जिससे मौसम में ठंडक रही।

## अदालती सूचना

**न्यायालय सहायक कलेक्टर प्रथम श्रेणी, कोटद्वार गढ़वाल**
**राजस्व वाद संख्या 15 सन् 2022**
**मोहन जदली -वादी**
**बनाम**

उत्तराखण्ड सरकार तथा अन्य -प्रतिवादीगण

समन बनाम- प्रतिवादी संख्या 3- श्रीमती विमला मिश्रा पत्नी श्री श्याम लाल, 8- श्री मायाराम पुत्र श्री काशीराम, 11- श्री ललित किशोर पुत्र सरदार सिंह, 14- श्री चण्डी प्रसाद पुत्र छब्बीलाल, 16- श्री रमेश चन्द्र पुत्र महेशानन्द, 17- श्री उमेश चन्द पुत्र महेशानन्द, 21- श्री जगदीश प्रसाद पुत्र रतनमणी, 22- श्री विक्रम सिंह पुत्र भूपाल सिंह, 25- श्री प्रकाश चंद्र पुत्र आनन्द प्रकाश, 33- श्री ललितमोहन पुत्र मायाराम, 34- श्री सतेन्द्र प्रसाद पुत्र राजाराम, 37- श्री आशीष पुत्र जगदीश प्रसाद, 39- श्री राजे सिंह पुत्र बूथा सिंह, 42- श्री शिवरतन पुत्र मायाराम, 48- श्री हरीश चन्द्र पुत्र महिमानन्द, 52- श्री मनमोहन सिंह पुत्र रामेश्वर प्रसाद, 53- श्री ललित मोहन पुत्र रामेश्वर प्रसाद, 54- श्री हरीश चन्द्र पुत्र मथुरा प्रसाद, 55- श्री नागेन्द्र कुमार पुत्र शिरोमणी, 58- श्री रामशरण पुत्र गुलाब सिंह, 60- श्री रामचरण पुत्र भोलादत्त, 62- श्री राकेश पुत्र पीताम्बरदत्त, 67-श्री विक्रम सिंह पुत्र दलीप सिंह, 70- श्री छत्रपाल सिंह पुत्र शत्रुघन सिंह, 72- कैलाश चन्द्र पुत्र शेखरानन्द, 73- श्री सत्यनारायण पुत्र फतेहराम, 76-श्री उमेश चन्द्र पुत्र सदानन्द, 84- श्री नरेन्द्र प्रसाद पुत्र सरेशानन्द, 85- श्री बिष्णुदत्त पुत्र शंकरदत्त, 87-श्री पीताम्बर दत्त पुत्र कान्तीबल्लभ, 88- श्री राजेन्द्र सिंह पुत्र नारायण सिंह, 90- श्री रूपचन्द्र पुत्र गोवर्दन सिंह, 91- श्री गोविन्द सिंह पुत्र खुशाल सिंह, 93- जगमोहन पुत्र महिताब सिंह, 94- सुरेन्द्र सिंह पुत्र कीरत सिंह, 95- हरीशरण पुत्र मंगत राम, 97- श्रीमती सुशीला देवी पत्नी महेशानन्द, 99- विपिन चन्द्र पुत्र महिमानन्द, 102- दीपक चन्द्र पुत्र वंशीधर, 103- अनिल प्रसाद पुत्र महिमानन्द, 107- श्री दिनेश चन्द्र पुत्र कन्हैयालाल, 109- कालिका प्रसाद पुत्र आदित्य राम, 113- श्री राजाराम पुत्र जीतराम, 121- बीरेन्द्र सिंह पुत्र बलवन्त सिंह, 123- श्री गोविन्द प्रसाद पुत्र नारायणदत्त, 128-कुवर सिंह पुत्र शैन सिंह, 135- रघुनाथ प्रसाद पुत्र छगटराम, 136- धीरज सिंह पुत्र अमर सिंह, 145- कुंवर सिंह पुत्र चतर सिंह, 149- बलवन्त सिंह पुत्र शंकर सिंह, 152- मनमोहन पुत्र सुरेशानन्द, 153- चण्डीप्रसाद पुत्र कमला प्रसाद, 156- शम्भू प्रसाद पुत्र सच्चिदानन्द, 157- त्रिलोक सिंह पुत्र चतर सिंह, समस्त निवासीगण बालासौड़, पट्‌टी सुखरौ, तहसील कोटद्वार गढ़वाल।

चूंकि वादी ने मेरे न्यायालय में एक वाद अन्तर्गत धारा 229(बी) उत्तर प्रदेश जमींदारी विनाश एवं भूमि सुधार अधिनियम 1950 प्रस्तुत किया है। लिहाजा आपको हुक्म होता है कि दिनांक 22-03-2024 को मेरे न्यायालय स्थान कोटद्वार में बवक्त 10 बजे दिन हाजिर आकर मामले में जवाबदेही करें। अन्यथा मामले में आपके विरूद्ध एकपक्षीय कार्यवाही की जायेगी।

मेरे हस्ताक्षर व मुहर अदालत के आज दिनांक 23/02/2024 को जारी किया गया।

**न्यायालय असिस्टेंट कलक्टर प्र0श्रे0**
**कोटद्वार गढ़वाल**

## यूट्यूब पर हुआ फिल्म मेरू गढ़वाल का विमोचन

**जयन्त प्रतिनिधि।**

कोटद्वार : गढ़वाली फिल्म मेरू गढ़वाल का यूट्यूब चैनल बद्रीकेदार फिल्म में विमोचन हो गया है। फिल्म में शराब बंदी व पहाड़ से पलायन की पीड़ा को बयां किया गया है।

भाजपा जिलाध्यक्ष वीरेंद्र रावत ने फिल्म का यूट्यूब चैनल पर विमोचन किया। फिल्म में उत्तराखंड की संस्कृति को आगे बढ़ाने व बेटी बचाओं बेटी पढ़ाओं के साथ ही शराब बंदी, पहाड़ से पलायन की पीड़ा को दिखाया गया है। फिल्म के निर्देशक मेहरबान सिंह रावत व संजय रावत ने कहा कि मेरू गढ़वाल फिल्म में शराब से हो रहे नुकसान के प्रति जागरूक करने का प्रयास किया गया। साथ ही पलायन की पीड़ा को बखूबी दर्शाया गया है। इसके अलावा प्रकृति से हो रही छेड़छाड़ से आ रही आपदाओं के दंश को दिखाया गया है। फिल्म में प्रकाशदीप द्विवेदी, रचिता कुकरेती, पन्नू गुसांई, विनोद नैथानी, मालती गौड, दीपक राणा, बबीता नेगी ने मुख्य भूमिका निभाई। इस मौके पर गजेंद्र सिंह रावत, पंकज, मधुसूदन पंत, ओम प्रकाश बलूनी, सुरमान सिंह, गौरव मिश्रा मौजूद रहे।

## कर्मचारियों का धरना जारी, 27 को देहरादून करेंगे कूच

जयन्त प्रतिनिधि ।कोटद्वार : पेयजल के राजकीयकरण की मांग व जल निगम व जल संस्थान के कार्यों को एडीबी को देने के विरोध में कर्मचारियों ने अधिशासी कार्यालय में शनिवार को भी धरना दिया ।इस दौरान वक्ताओं ने कहा कि पूर्व में मुख्यमंत्री के साथ बैठक में पेयजल कर्मचारियों के राजकीयकरण पर शीघ्र फैसला लेने पर सहमति बनी थी और इस आश्वासन के बाद कर्मचारियों ने प्रस्तावित हड़ताल को स्थगित किया। लेकिन निगम में सीएम के आदेशों की भी अवहेलना की जा रही है। वहीं सरकार जल संस्थान और तमाम पेयजल योजनाओं को एडीबी को सौंपने की तैयारी कर रही है, जो विभागों को घाटे में ले जाने वाला कार्य है। सरकार के इन निर्णयों के खिलाफ 26 फरवरी को प्रदेश भर से कर्मचारी देहरादून के लिए कूच करेंगे और 27 फरवरी को देहरादून में विधानसभा का घेराव किया जायेगा। धरने को सभी अधिकारियों ने भी अपना समर्थन दिया।

# एम्स में कोर्स करने के बाद आईएचएमएस के 50 छात्र बने फस्ट रिस्पोंडर

### एम्स ऋषिकेश के ट्रॉमा सर्जीरी एवं क्रिटिकल केयर विभाग की ओर से आयोजित किया गया फस्ट रिस्पोंडर कोर्स



प्रशिक्षण लेने वाले आईएचएमएस के विद्यार्थी

जयन्त प्रतिनिधि। कोटद्वार : अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) ऋषिकेश की ओर से आयोजित कार्यशाला में इंस्टीट्यूट ऑफ हास्पीटेलिटी मैनेजमेंट एंड साइंसेज (आईएचएमएस) के छात्र-छात्राओं ने आपातकाल में मानव जीवन बचाने के तरीके सीखे। संस्थान की ओर से छात्र-छात्राओं को प्रशिक्षण का प्रमाणत्र दिया गया।

एम्स ऋषिकेश के ट्रॉमा सर्जीरी एवं क्रिटिकल केयर विभाग की ओर से आयोजित फस्ट रिस्पोंडर कोर्स में आईएचएमएस के 50 छात्र-छात्राओं और तीन प्राध्यापकों ने प्रतिभाग कर इमरजेंसी में लोगों के जीवन को बचाने के गुर सीखे। संस्थान के नर्सिंग सुप्रिटेंट महेश देवास्थली ने छात्र-छात्राओं को बिना हेलमेट के होने वाली सड़क दुर्घटनाओं की जानकारी दी। इसके बाद नर्सिंग अधिकारियों ने सड़क में दुर्घटना होने पर घायल को बचाने और प्राथमिक सुरक्षा देने, हार्ट अटैक से पीड़ित व्यक्ति को सीपीआर देने, लकुवा और मिर्ग्री का दौरा पड़ने, सांप के काटने, कुत्ते के काटने, सड़क दुर्घटना में अंग भंग, फैक्चर होने, गले की चोकिंग, बिजली का करंट, जहर का सेवन और जलने पर उसका प्राथमिक देखभाल करने के तरीके सिखाए। आईएचएमएस के छात्र-छात्राओं ने पुतलों के माध्यम से आपातकाल में प्राथमिक सुरक्षा देने के उपायों को सीखा। इस अवसर पर कोर्स के डायरेक्टर डॉ. मधुर उनियाल ने अपने संबोधन में कहा कि आपातकाल में अगर सुरक्षा के उपायों की जानकारी हो तो लोगों को असमय मौत से बचाया जा सकता है। प्रथम उपचार और सुरक्षा का कार्य बहुत महत्वपूर्ण होता है। एक्स का ट्रामा सेंटर के चिकित्सक भी तभी व्यक्ति को बचा सकते हैं, जब वह उपचार के लायक बचा हो। कहा कि मामले में सबसे अधिक खराब हालात पर्वतीय क्षेत्रों का है। यहां प प्राथमिक सुरक्षा नहीं मिलने पर लोग एम्स आने तक रास्ते में दम तोड देते हैं। उन्होंने छात्र-छात्राओं से कार्स में मिली जानकारी को जन जन तक पहुंचाने और जरुरतमंदों के जीवन को बचाने की अपील की। इस अवसर पर आईएचएमएस के जनसंपर्क अधिकारी नरेश थपलियाल, कंप्यूटर साइंस की विभागाध्यक्ष विजयश्री खुगशाल, प्रध्यापाक सिद्धांत नौटियाल, सीनियर नर्सिंग ऑफीसर अखिलेश उनियाल, दीपिका कांडपाल, कादिर खान, नर्सिंग ऑफीसर सुशीला पन्नू, प्रियंका, हिमांशु पाठक, मेघा भट्ट, यूनेस, राखी समेत विभाग के अन्य कर्मचारी मौजूद रहे।

# अव्वल विद्यार्थियों को किया सम्मानित

**जयन्त प्रतिनिधि।**



विद्यार्थियों को प्रमाण पत्र देते शिक्षक

कोटद्वार : जनपद स्तर पर प्रवीणता सूची में तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्र शिव सिंह को पब्लिक इंटर कॉलेज सुरखेत की ओर से प्रमाण प्रत्र दिया गया। इस दौरान विद्यालय के अन्य अव्वल विद्यार्थियों को भी सम्मानित किया गया।

प्रखंड एकेश्वर क्षेत्र के अंतर्गत पब्लिक इंटर कालेज सुरखेत में एक कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें जनपद स्तर पर प्रवीणता सूची में तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्र शिव सिंह को सम्मानित किया गया। साथ ही छठवीं से लेकर बारहवीं कक्षा की परीक्षा उत्तीर्ण करने वाले 125 छात्र-छात्राओं को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। विद्यालय के प्रधानाचार्य पुष्कर सिंह नेगी ने बताया कि हरिद्वार स्थित गायत्री तीर्थ शांतिकुंज में तीन नवंबर 2023 को पांचवी कक्षा से स्नातक की कक्षाओं के लिए भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा आयोजित करवाई गई थी। जिसमें विद्यालय के छात्र शिव सिंह रमोला ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। उन्होंने प्रवीणता सूची में तृतीय स्थान प्राप्त कर विद्यालय का नाम रोशन किया है। कार्यक्रम में विद्यालय के छठवीं कक्षा से लेकर बारहवीं कक्षा के 125 छात्र-छात्राओं को भी प्रशस्ति पत्र व स्मृति चिंह देकर सम्मानित किया गया। परीक्षा आयोजन में सक्रिय सहयोग प्रदान करने के लिए विद्यालय के शिक्षक प्रकाश चंद्र कैंथोला व नीरज रमोला को सम्मानित किया गया।

## ढोल दमाऊं वादकों को चिन्हित करने की उठाई मांग

जयन्त प्रतिनिधि। सतपुली : न्यारघाटी चिह्नित उत्तराखंड राज्य आंदोलनकारी समिति की शनिवार को सतपुली बाजार में बैठक हुई। बैठक में ढोल दमाऊं मशक बाज समाज के लोगों को भी राज्य आंदोनकारियों की चिह्नीकरण की सूची में रखने की मांग की गई। कहा कि उत्तराखंड आंदोलन में अग्रिम पंक्ति में इस समाज के लोग भी आंदोलन कर रहे थे। आंदोलन में ढोल वादक आम जनता के साथ उत्साह के साथ अपनी भूमिका का निर्वहन करते रहे लेकिन राज्य निर्माण के पश्चात इन ढोल वादकों के योगदान को भुला दिया गया है। इस अवसर पर उत्तराखंड राज्य आंदोलनकारी नयार घाटी समिति के अध्यक्ष पुष्पेंद्र राणा, उपाध्यक्ष विनोद धस्माना, महामंत्री जगदीश बिष्ट, सचिव होशियार सिंह बिष्ट, कोषाध्यक्ष दीपक शर्मा आदि ने अपने विचार रखे।

## पीआरडी जवानों ने ड्यूटी बढ़ाने की मांग

जयन्त प्रतिनिधि। पौड़ी : उत्तराखंड प्रांतीय रक्षक दल हित संगठन ने ड्यूटी बढ़ाने की मांग की है। संगठन ने डीएम को ज्ञापन देकर जल्द ही समस्या के समाधान की मांग की है। शनिवार को उत्तराखंड प्रांतीय रक्षक दल हित संगठन ने जिलाधिकारी कार्यालय में ज्ञापन दिया। इस दौरान जिलाध्यक्ष ललित सिंह, मुकेश सिंह, सुरेंद्र सिंह, संपूर्ण सिंह ने 200 से अधिक पीआरडी कर्मचारी राजस्व निरीक्षक, राजस्व उपनिरीक्षक, थाने के साथ अपनी ड्यूटी दे रहे हैं, लेकिन 28 फरवरी तक ही इन पीआरडी कर्मचारियों का ड्यूटी आदेश हैं। कहा कि अगले माह से ये पीआरडी कर्मचारी बेरोजगार हो जाएंगे। जिससे उनको आर्थिकी की समस्या से दो चार होना पड़ेगा। उन्होंने आगामी चुनाव को देखते हुए इन पीआरडी जवानों की ड्यूटी आगे बढ़ाने की मांग उठाई है।

## Notice

That My son Study In St. Joseph convent school Kotdwar Pauri Garhwal My Son Name is Pranav Agarwal S/o Deepak Kumar. That in my Son's School certifacate of father's name is wrongly written as DEEPAK AGARW-AL whereas father's correct name is DEEPAK KUMAR. That where in my Son's School Documents father's name is written wrongly as DEEPAK AGARWAL it should be read and write as DEEPAK KUMAR which is My correct name.

**Deepak kumar S/o Prashadi Lal R/o Robert Colony, Near Meat Market, Tehsil Kotdwar, Distt- Pauri Garhwal Uttarakhand.**

## शिव महापुराण कथा चार से

**जयन्त प्रतिनिधि।**

कोटद्वार : सत्तीचौड स्थित शिवत्व दर्शन धर्मार्थ सेवा ट्रस्ट की ओर से चार मार्च से शिवमहापुराण कथा का आयोजन किया जाएगा। कथा 14 मार्च तक चलेगी।

सेवा ट्रस्ट के अध्यक्ष राजेश देवेश नाथ ने बताया कि शिवत्व दर्शन धर्मार्थ सेवा ट्रस्ट हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी 77वां शिवमहापुराण ज्ञान कथा का आयोजन किया जा रहा है। कथा 4 मार्च से 14 मार्च तक आयोजित की जाएगी। इससे पहले कलश यात्रा हरिद्वार से राजा दक्ष व ऋषिकेश के वीरभद्र मंदिर होते हुए चार मार्च को नगर निशान शिव ध्वजा के साथ।

## चित्रकला में समीक्षा व सामान्य ज्ञान में कपिल रावत रहा अव्वल




आयोजित प्रतियोगिता में अव्वल विद्यार्थियों को सम्मानित करते शिक्षक

जयन्त प्रतिनिधि। कोटद्वार : समग्र शिक्षा परियोजना के अंतर्गत ब्लाक संसाधन केंद्र सुखरौ में दुगड्डा ब्लाक के विभिन्न विद्यालयों में अध्ययनरत शारीरिक व मानसिक क्षमताग्रस्त छात्रों और उनके अभिभावकों के लिए चित्रकला, सामान्य ज्ञान व गायन आदि प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। इस दौरान चित्रकला में लिटिल फ्लावर स्कूल की समीक्षा व समान्य ज्ञान प्रतियोगिता में राप्रावि शिवराजपुर के कपिल ने प्रथम स्थान प्राप्त किया।

बीआरसी प्रभारी उमा बुड़ाकोटी ने बताया कि चित्रकला प्रतियोगिता में लिटिल फ्लावर स्कूल की समीक्षा ने पहला, राप्रावि शिवराजपुर के कपिल रावत ने दूसरा और राजकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय स्यालिंगा के अनुज नेगी ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता में राप्रावि शिवराजपुर के कपिल रावत पहले, राजकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय स्यालिंगा के अनुज नेगी दूसरे और राजकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय शिवराजपुर के कृष तीसरे स्थान पर रहे।

# बोर्ड परीक्षा को लेकर शिक्षा विभाग की तैयारियां पूरी

श्रीनगर गढ़वाल : उत्तराखंड बोर्ड परीक्षाएं आगामी 27 फरवरी से शुरू होने जा रही है। जिसको लेकर शिक्षा विभाग ने तैयारियां पूर्ण कर ली हैं। विकासखंड खिर्सू के अंतर्गत 6 परीक्षा केंद्रों में दसवीं और बारहवीं की परीक्षाएं आयोजित की जायेंगी। खंड शिक्षा अधिकारी अश्विनी रावत ने बताया कि विकासखंड खिर्सू के स्कूलों की होने वाली बोर्ड परीक्षाएं को लेकर राजकीय इंटर कालेज कठूली, इंटर कालेज देवलगढ़, राजकीय इंटर कालेज श्रीनगर, राजकीय बालिका इंटर कालेज श्रीनगर, राजकीय इंटर कालेज खण्डाह, जनता इंटर कालेज भट्टीसेरा को परीक्षा केंद्र बनाया गया है। उन्होंने बताया कि हाईस्कूल में 434 और इंटरमीडिएट में 430 छात्र-छात्राएं परीक्षा में सम्मलित होंगे। उन्होंने बताया कि इंटरमीडिएट की परीक्षा 27 फरवरी से शुरू होंगी,जबकि 28 फरवरी से हाईस्कूल की परीक्षाएं शुरू होंगी। उन्होंने बताया कि बोर्ड परीक्षाओं को लेकर सभी तैयारियां पूर्ण कर ली गयी हैं।

वहीं विकासखंड कीर्तिनगर में 12 परीक्षा केंद्रों में हाईस्कूल और बारहवीं की बोर्ड परीक्षाएं संपन्न होंगी। कीर्तिनगर खंड शिक्षा अधिकारी दमयंती रावत ने बताया कि राजकीय इंटर कॉलेज पिपलीधार डागर, राजकीय इंटर कॉलेज कीर्तिनगर, राजकीय इंटर कॉलेज नागराजाधार चेलडी, राजकीय इंटर कॉलेज आछरीकुंड, राजकीय इंटर कॉलेज हिसरियाखाल, राजकीय इंटर कॉलेज किलकिलेश्वर, राजकीय इंटर कॉलेज गोनीखाल, राजकीय इंटर कॉलेज जाखी डागर, राजकीय इंटर कॉलेज नागराजाधार कड़ाकोट, राजकीय इंटर कॉलेज धारी ढुंढसिर, राजकीय इंटर कॉलेज न्यूली अकरी, एसएसबीएल राजकीय इंटर कॉलेज जखंड में हाईस्कूल और इंटरमीडिएट की बोर्ड परीक्षाएं आयोजित होंगी। बताया कि 12 परीक्षा केंद्रों में हाईस्कूल के 281 छात्र एवं 317 छात्राएं कुल 598 छात्र-छात्राएं परीक्षा देंगे,जबकि बारहवीं के 225 छात्र और 310 छात्राएं कुल 535 छात्र–छात्राएं प्रतिभाग करेंगे। उन्होंने बताया कीर्तिनगर ब्लॉक में 1133 छात्र-छात्राएं बोर्ड परीक्षा में शिरकत करेंगे। दमयंती रावत ने बताया कि इसके अलावा 10 छात्र व्यक्तिगत परीक्षा में सम्मलित होंगे। बताया कि बोर्ड परीक्षाओं को लेकर तैयारियां पूर्ण कर ली गयी हैं। (एजेंसी)

## महाशिवरात्रि पर निकाली जायेगी शोभा यात्रा

श्रीनगर गढ़वाल : नगर क्षेत्र में महाशिवरात्री का पर्व बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया जायेगा। इस मौके पर विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जायेगा। नागेश्वर मंदिर के महंत नितिन पुरी महाराज ने बताया कि आठ मार्च को महाशिवरात्री पर्व के अवसर पर नगर क्षेत्र में शिव विवाह की शोभायात्रा निकाली जायेगी, जो कि नागेश्वर मंदिर से शुरू होते हुए नगर क्षेत्र के मुख्य मार्गों पर निकाली जायेगी। उन्होंने बताया कि 9 मार्च को भंडारा आयोजित किया जायेगा। बताया कि इसके लिए जल्द ही तैयारियां शुरू की जायेंगी। वहीं सिद्धपीठ कमलेश्वर महादेव मंदिर के महंत श्री 108 आशुतोष पुरी ने बताया कि महाशिवरात्री के पर्व पर कमलेश्वर मंदिर में चार पहर की पूजा कर भगवान भोलेनाथ का दूध, दही, गंगाजल, शहद से अभिषेक किया जायेगा। (एजेंसी)

## राष्ट्रीय लोक अदालत 9 मार्च को

श्रीनगर गढ़वाल : उत्तराखंड राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण नैनीताल एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण पौड़ी गढ़वाल के दिशा निर्देशन में 9 मार्च को होने वाली लोक अदालत को लेकर बैठक आहुत की गई। न्याय मजिस्ट्रेट श्रीनगर में सिविल जज ने 9 मार्च को होने वाली लोक अदालत को लेकर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस मौके पर उन्होंने बार एसोसिएशन के अधिवक्ताओं से राष्ट्रीय लोक अदालत में अधिक से अधिक वादों के निस्तारण करने के साथ ही कोतवाली प्रभारी श्रीनगर सतबीर सिंह को समन की तामीली हेतु दिशा निर्देश दिये। (एजेंसी)

## कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, उत्तराखण्ड जल संस्थान कोटद्वार

पत्रांक 4052 / टेण्डर / दिनांक 20/02/2024

### अतिअल्पकालीन निविदा सूचना

मुख्य महाप्रबन्धक उत्तराखण्ड जल संस्थान, देहरादून की ओर से जनपद पौड़ी की कोटद्वार शाखा के अन्तर्गत टैकरों के माध्यम से पेयजल अभावग्रस्त क्षेत्रों में आवश्यकतानुसार जलापूर्ति हेतु निम्न विवरणानुसार दरें आमंत्रित की जाती है, जो कि दिनांक 03.03.2024 की अपराह्न 2:00 बजे तक किसी भी कार्य दिवस में शाखा कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है। यह निविदायें दिनांक 03.03.2024 की सांय 3:00 बजे तक शाखा में जमा करायी जा सकेगी। प्राप्त निविदायें उसी सांय 3:30 बजे अधोहस्ताक्षरी अथवा अधिकृत प्रतिनिधियों द्वारा उपस्थित निविदादाताओं के समक्ष खोली जायेंगी। अन्य जानकारी एवं शर्तें कार्यालय नोटिस बोर्ड पर देखी जा सकती है अथवा कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है। अगाामी लोक सभा निर्वाचन को दृष्टिगत रखते हुये उक्त निविदा अतिअल्पकालीन अवधि के लिये आमंत्रित की जा रही है।

| क्र. सं. | कार्य का विवरण | निविदा मूल्य (रू0 में) | कार्य पूर्ण की अवधि |
|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 |
| 1 | शाखा कोटद्वार के अन्तर्गत पेयजल अभावग्रस्त क्षेत्रों में 2000/ 3000/5000 ली0 क्षमता के टैकरों/पिकअप वाहनों के माध्यम से जलापूर्ति | 1000.00 +GST | आवश्यकतानुसार |

शर्तें:- नियम व शर्ते किसी भी कार्य दिवस पर कार्यालय में देखी जा सकती है।

1- जल वितरण हेतु दरें चालक सहित देनी होगी।
2- निविदा प्रपत्र पर जी0एस0टी0 एवं पैन नम्बर अंकित करना अनिवार्य होगा।
3- टैंकरों के रखरखाव का दायित्व वाहन स्वामी का होगा।
4- टैकरो को जल वितरण हेतु 24 घण्टे उपलब्ध रखना होगा।
5- टैकरो को उचित फिटनेस स्थिति में होना आवश्यक है जिसके लिये आर0टी0ओ0 का फिटनेस प्रमाण पत्र निविदा प्रपत्र के साथ संलग्न करना होगा।
6- निविदा क्रय करते समय सम्बन्धित निविदादाता द्वारा टैकरो/पिकअप वाहनों के रजिस्ट्रेशन की प्रमाणित छायाप्रति प्रस्तुत की जानी अनिवार्य है। जिसके अभाव में निविदा निर्गत नहीं किये जायेगे।
7- किसी भी प्रकार की क्षति/दुर्घटना का दायित्व वाहन स्वामी का स्वयं का होगा।
8- निविदा के साथ रू0 100.00 का स्टाम्प पेपर एवं 1.00 का रसीद टिकट पर हस्ताक्षर सहित शपथ पत्र के रूप में लगाना अनिवार्य होगा।
9- टैकरो से पेयजल वितरण का भुगतान धन प्राप्त होने के पश्चात ही किया जायेगा।
10- अन्य शेष शर्ते निविदा प्रपत्र के अनुरूप होगी।

**अधिशासी अभियन्ता**

# सड़क किनारे उगी झाड़ियों को काटने की मांग उठाई



नगर पंचायत थलीसैंण के अधिकारी को ज्ञापन देते हुए स्थानीय लोग।

जयन्त प्रतिनिधि। थलीसैंण : दुर्गा कॉलोनी थलीसैंण के लोगों ने नगर पंचायत से सड़क किनारे उगी झाड़ियों को काटने की मांग की है। लोगों का कहना है कि झाड़ियों में गुलदार छुपा रहता है, जिस कारण हर समय अनहोनी घटना होने का खतरा बना रहता है।

नगर पंचायत अधिकारी शैलेन्द्र सिंह रावत को ज्ञापन सौंपते हुए डॉ. सतेन्द्र सेमवाल ने बताया कि दुर्गा कॉलोनी में महाविद्यालय थलीसैंण को जाने वाली सड़क दोनों तरफ से झाड़ियों से पटी हुई है। इन झाड़ियों में गुलदार छुपा रहता है। कई बार स्थानीय लोगों ने झाड़ियों से गुलदार को निकलते हुए देखा है। जिससे स्थानीय लोगों दहशत में है। उन्होंने कहा कि जल्द से जल्द झाड़ियों की सफाई और छंटाई की जानी चाहिए। सामाजिक कार्यकर्ता आशाराम पोखरियाल, राकेश सिंह, अनुराधा, बालम सिंह रावत ने कहा कि उनके घरों को जोड़ने वाले रास्ते में दोनों तरफ कटीली झाड़ियां उग आई हैं। रास्ते से जाने वाले बच्चे, महिलाएं, बुजुर्ग कंटीली झाड़ियों की चपेट में आ रहे हैं। इसके अलावा गुलदार के छुपने के लिए यह मुफीद साबित हो रहा है। उन्होंने कहा कि नगर पंचायत को कई बार झाड़ियों की सफाई और छंटाई के लिए कहा गया, लेकिन अभी तक कोई कार्रवाई नहीं हो सकी है। उन्होंने जल्द से जल्द सड़क के दोनों तरफ की झाड़ियों को काटने की मांग की। ज्ञापन देने वालों में निरंजन प्रसाद, गोविंद सिंह, मोहित कुमार, आनन्दमणी, जीतराम, शिवराज, मंगलेश ममंगाई, प्रभु शाह, प्रकाश, संजय सिंह, रविन्द्र सिंह, राजे सिंह, सुरेन्द्र सिंह, महावीर सिंह आदि शामिल थे।

## 28 को रहेगी मासिक बंदी

जयन्त प्रतिनिधि। सतपुली : सतपुली बाजार में 28 को मासिक बंदी रहेगी। व्यापार संघ के महामंत्री धीरेंद्र नेगी ने बताया कि पूर्व की भांति मासिक बंदी के चलते आवश्यक सेवा जैसे मेडिकल स्टोर, होटल, सीएससी सेंटर को छोड़कर संपूर्ण बाजार बंद रहेगा। इस अपील का उल्लंघन करने पर संघ की ओर से कार्रवाई की जाएगी।

## अम्बेडकर छात्रवास में संत रविदास को याद किया

नई टिहरी : शनिवार को आम्बेडकर एससी-एसटी छात्रावास ढूंगीधार नई टिहरी में संत शिरोमणि रविदास की जयंती पर उन्हें याद किया गया। इस अवसर पर संस्था अध्यक्ष मुरारीलाल खंडवाल ने संत रविदास के किए गए धार्मिक एवं सामाजिक कार्यों पर प्रकाश डाला। खंडवाल ने कहा कि संत रविदास एक धार्मिक विचारधारा के साथ अंधविश्वास के घोर विरोधी थे। उन्होंने हमेशा शिक्षा के उन्नयन का कार्य किया। इस अवसर पर प्रबंधक पुरुषोत्तम लाल तथा मौजूद छात्रों ने भी संत रविदास के विचारों पर प्रकाश डाला।

# मानदेय बढ़ोत्तरी सहित विभिन्न मांगों को लेकर आशाओं का सीएमओ कार्यालय पर प्रदर्शन



नई टिहरी : आशा कार्यकर्ताओं ने जिला मुख्यायल पर मानदेय बढ़ोतरी सहित विभिन्न मांगों को लेकर सीएमओ कार्यालय में शनिवार को भी धरना-प्रदर्शन किया। आशाओं ने 26 हजार रुपये मासिक मानेदय की मांग की। जल्द मांग पूरी नहीं होने पर आंदोलन तेज करने की चेतावनी दी। शनिवार को आशाओं ने बड़ी संख्या में एकत्र होकर प्रदर्शन किया। आशाओं ने कहा कि मानदेय बढ़ोतरी के साथ ही सभी स्वास्थ्य केंद्रों में आशा घर बनाए जाएं। आशाओं को विभिन्न मदों के लिए दिए जाने वाले पैसे का कई महीनों तक भुगतान नहीं किया जाता है। जिसका हर माह भुगतान सुनिश्चित किया जाय। आशाओं को भविष्य निधि एवं ईएसआई की सुरक्षा सुविधा प्रदान की जाय। 46वें श्रम सम्मेलन की सिफारिशों को लागू किया जाय। जिसके तहत सामाजिक सुरक्षा का लाभ एवं सरकारी कर्मचारी घोषित करने के साथ ही मानदेय 26 हजार रुपये प्रतिमाह किया जाय। सेवानिवृत्ति होने पर आशा वर्कर को जब तक पेंशन का लाभ नहीं दिया जाता, तब तक एक मुश्त रिटायरमेंट पर 10 लाख रुपये दिये जाएं। 2022 से 2023 तक का 5 माह का मानदेय टिहरी जिले में तत्काल किया जाय। यदि इन मांगों पर कार्यवाही नहीं की जाती है, तो आशायें उग्र आंदोलन को मजबूर होंगी। इस मौके पर आशा संगठन की सचिव कुसुमलता, लक्ष्मी रमोला, विनतेश्वरी भट्ट, नारा देवी, सरिता देवी, कमली देवी, रेखा भट्ट, रीता, पुष्पा, लक्ष्मी नेगी, सोनी नेगी, सावित्री चमोली, ममता रावत, कमला देवी, उषा रावत, सुमन देवी, कुसुम धनोला, रजनी खण्डुड़ी, कुलदेई सजवाण, प्रकाशी बहुगुणा, दीपिका सेमवाल, चेतना, विनीता थपलियाल, हर्षी उनियाल, मंजू तिवाड़ी आदि आशा कार्यकर्ता मौजूद रहीं। (एजेंसी)

# सिलेंडर फटने से आवासीय मकान में लगी आग, हादसा टला

नई टिहरी : भिलंगना ब्लॉक की हिन्दाव पट्टी के सरपोली गांव में बीती देर रात्रि को घर के अंदर रखे रसोई गैस सिलेंडर फटने से आग लग गई। जिससे घर से अंदर रखा सारा सामान जलकर राख हो गया।

घटना के समय पीड़ित परिवार ने किसी तरह बाहर भागकर अपनी जान बचाई। मौके पर पहुंचे तहसील प्रशासन के अधिकारियों ने मौका मुआयना कर आकलन रिपोर्ट डीएम को भेज दी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, बीते शुक्रवार मध्य रात्रि के समय सरपोली गांव निवासी भगवान देई अपने तीन बच्चों के साथ मकान में सोई हुई थी। अचानक रात्रि दो बजे करीब पड़ोस वाले कमरे में रखे गैस सिलेंडरों में धमाका होने के बाद मकान में आग लग गई। पीड़ित परिवार ने किसी तरह कमरे से बाहर भागकर अपनी जान बचाई। शोर सुनकर आस-पड़ोस के ग्रामीण भी मौके पर एकत्र हो गए और आग बुझाने का प्रयास किया। लेकिन तब तक घर में रखा बिस्तर, अनाज, बर्तन, कपड़े, कागजात सहित जेवर व नकदी सहित अन्य सामान जलकर राख हो गया। घटना की सूचना पर मयफोर्स मौके पर पहुंचे तहसीलदार महेशा शाह ने क्षति का आकलन कर रिपोर्ट डीएम को भेजने की बात कही। सामाजिक कार्यकर्ता विक्रम घनाता ने कहा कि पीड़ित महिला है, जिसके नाबालिग बच्चे हैं। उन्होंने प्रशासन से पीड़ित प्रभावित परिवार को भवन निर्माण के साथ ही घरेलू सामान की क्षतिपूर्ति देने की मांग की। (एजेंसी)

## मां चंडिका घर-घर जाकर पूछ रही कुशलक्षेम

रुद्रप्रयाग : तल्लानागुर क्षेत्र के सिद्धपीठ नारी देवी की देवरा यात्रा घर-घर जाकर भक्तों की कुशलक्षेम पूछ रही है। देवी ने तुंगनाथ घाटी के मक्कूमठ में तृतीय केदार के दर्शन किए। जबकि इसके बाद पठालीधार में दर्शन किए। शनिवार को देवी ने ओंकारेश्वर मंदिर के लिए प्रस्थान किया। बीते 17 नवम्बर से 30 वर्षों बाद मां नारी देवी की पूजा अर्चना एवं वैदिक मंत्रोंचारण के साथ देवरा यात्रा विधिवत शुरू हुई थी। तुंगनाथ घाटी के पैंलिंग, परकंडी, स्यूंर, त्यूंग, चौंडा, उथिंड होते हुए मां की देवरा यात्रा रात्रि प्रवास के लिए तृतीय केदार गददीस्थल ओंकारेश्वर मंदिर मक्कूमठ पहुंची थी। इस दौरान सम्पूर्ण क्षेत्र में माहौल भक्तिमय बना है।

## राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन की कार्यशाला संपन्न

चमोली : श्री भुवनेश्वरी महिला आश्रम के स्वामी मनमथन सभागार के राष्ट्रीय आजीविका मिशन की दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला का समापन हो गया। समापन अवसर पर कार्यक्रम के मुख्य अतिथि बीडीओ अशोक शर्मा ने प्रतिभागी महिला समूह के उददेश्यों, संगठनात्मक प्रक्रिया, लाभ व समूहों के द्वारा दी जाने वाली गतिविधियों की वृहद जानकारी दी। कहा कि महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने, जीवन स्तर में गुणात्मक सुधार लाने व संगठन के माध्यम से गरीबी की रेखा से ऊपर लाने ही इसका राष्ट्रीय आजीविका मिशन का मुख्य उदेश्य है। इस अवसर पर ब्लॉक मिशन प्रबंधक अनिल रावत ने कुशल प्रबंधन के लिए पंच सूत्र, लोकोश एप व आय व्यय आदि की जानकारी दी। इस अवसर पर मोहन राणा, सुनील,दीप्ति, लक्ष्मी, कमला, पूजा, बीरा सहित तीन दर्जन से अधिक गांवों की एसएचजी समूह की महिलाओं ने प्रशिक्षण प्राप्त किया। (एजेंसी)

# सीवरेज शोधन सयंत्रों की नियमित निगरानी हेतु समिति गठित करें : सीडीओ



जयन्त प्रतिनिधि।चमोली : मुख्य विकास अधिकारी अभिनव शाह ने शनिवार को कलेक्ट्रेट सभागार में जिला गंगा संरक्षण समिति की बैठक ली। जिसमें नमामि गंगे कार्यक्रम के अन्तर्गत जनपद में क्रियान्वित परियोजनाओं, सभी निकायों के ठोस अपशिष्ट प्रबंधन तथा गंगा एवं इसकी सहायक नदियों के बारे में जागरूकता पैदा करने संबंधी बिंदुओं पर विस्तृत चर्चा की गयी।मुख्य विकास अधिकारी ने सीवरेज शोधन सयंत्रों के कार्य प्रदर्शन की नियमित निगरानी हेतु जल निगम एवं जल संस्थान को समिति गठित करने के निर्देश दिए। जल संस्थान गोपेश्वर को सभी एसटीपी से उत्सर्जित अवशिष्ट स्लज को नजदीकी वन विभाग की नर्सरी तक पहुंचाने के निर्देश दिए। पर्यटन विभाग को नदियों के किनारे पर्यटन को बढ़ावा देने हेतु राफ्टिंग स्पॉट चिन्हित करने और 20 से अधिक कक्ष वाले होटलों को चिन्हित कर एसटीपी लगवाने, अनुपालन न वालों को नोटिस जारी करने निर्देश दिए। साथ ही पेयजल निगम को अवशेष 4 एसटीपी को 15 मार्च तक जल संस्थान को हैंडओवर करने के निर्देश दिए। प्रभागीय वनाधिकारी सर्वेश दुबे ने बताया कि नमामि गंगे कार्यक्रम के अन्तर्गत जनपद में निर्मित 16 एसटीपी में से 12 एसटीपी जल संस्थान को हस्तगत कर दिए गए हैं। अवशेष 4 एसटीपी जिसमें तीन एसटीपी कर्णप्रयाग व 1 जोशीमठ में कार्य गतिमान हैं। वहीं एंटी लिटरिंग एंटी स्पिटिंग एक्ट के तहत अब तक 567 चालान कर 3.24 लाख की आय तथा प्लास्टिक अपशिष्ट प्रबंधन अधिनियम के तहत अब तक 356 चालान कर 2 लाख की आय प्राप्त हुई। इस दौरान पेयजल के अधिशासी अभियन्ता वीके जैन, मुख्य कृषि अधिकारी वीपी मौर्या, अधिशासी अभियन्ता सिंचाई अरविन्द नेगी सहित पर्यटन विभाग, जल संस्थान व नगर पालिका के अधिकारी मौजूद रहे।

# पशुपालकों के लिए वरदान साबित हो रही मोबाइल वैटेनरी यूनिट

## चमोली जिले में योजना के तहत चार वाहनों का किया जा रहा संचालन




जयन्त प्रतिनिधि। चमोली : चमोली जनपद के साथ ही राज्य के पशुपालकों के लिए सरकार की ओर से संचालित मोबाइल वैटेनरी यूनिट वरदान साबित हो रही है।

जहां योजना के संचालन से पूर्व पशुपालकों को मवेशियों के बीमार और चोटिल होने पर उनका उपचार चुनौती बना रहता था। वहीं मोबाइल वैटेनरी यूनिट के संचालन के बाद पशुपालकों को एक कॉल पर ही उपचार की सुविधा मिल रही है। केंद्र व राज्य सरकार की ओर से संचालित योजना से चमोली में 9264 पशुपालकों को लाभान्वित किया जा चुका है। जबकि सम्पूर्ण उत्तराखंड में अभी तक 1 लाख 19 हजार 876 मवेशियों का उपचार किया गया है।

उत्तराखंड में केंद्र सरकार के सहयोग से 16 नवम्बर 2022 को मोबाइल वैटेनरी वाहन योजना के 60 वाहनों को मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया था। जिसके तहत राज्य के 13 जनपदों के 90 ब्लॉक में से 60 में वाहनों का संचालन शुरू हुआ। योजना के प्रथम चरण में चमोली जिले के जोशीमठ, कर्णप्रयाग, गैरसैंण और देवाल ब्लॉक में वाहनों का संचालन किया जा रहा है। योजना के संचालन का जिम्मा जीवीके की ईएमआरआई (इमरजेंसी मैनेजमेंट रिसर्च इंस्टीट्यूट) कंपनी को सौंपा गया है। वाहन की सुविधा के लिए कंपनी की ओर से 1962 हेल्पलाइन नम्बर जारी किया गया है। इस नम्बर पर पशु पालक की ओर से मवेशी के बीमार या चोटिल होने की सूचना देने पर क्षेत्र में तैनात वाहन मौके पर पहुंचकर मवेशी का उपचार कर रहा है। वाहन में एक पशु चिकित्साधिकारी के साथ ही एक पैरावेट की तैनाती की गई है। जिसके माध्यम से मवेशी का उपचार करने के साथ ही पशुपालकों को दवाईयां उपलब्ध कराई जा रही हैं।

### क्या कहते हैं पशु पालक

हीरा सिंह ग्राम प्रधान टंगणी जोशीमठ ने बताया कि सरकार की ओर से जोशीमठ क्षेत्र में मोबाइल वैटेनरी यूनिट से मवेशियों के उपचार की सुविधा सुगमता से मिल रही है। मेरी ओर से तीन बार वाहन का ग्रामीणों को लाभ दिलाया गया है। गांव के विजय प्रसाद और आशीष भट्ट के साथ ही मेरे स्वयं के मवेशी को वाहन की मदद से समय से उपचार उपलब्ध हुआ है। संतोषी देवी सेमवाल सैकोट चमोली ने बताया कि पशुपालन विभाग में संचालित हेल्पलाइन 1962 नम्बर की मदद से सुगमता से समय पर मवेशी के उपचार की सुविधा मिल रही है। जिससे ग्रामीण क्षेत्रों में पशु पालन करने वालों को लाभ मिल रहा है।

### क्या कहते है राज्य प्रभारी

राज्य प्रभारी, 1962 मोबाइल वैटेनरी यूनिट आशीष नेगी ने बताया कि राज्य में 60 मोबाइल वैटेनरी यूनिट का संचालन किया जा रहा है।

चमोली में कर्णप्रयाग, गैरसैंण, देवाल और जोशीमठ में तैनात वाहनों से अभी तक 9264 और रुद्रप्रयाग के अगस्त्यमुनि, जखोली और ऊखीमठ में तैनात वाहनों से 2838 पशुपालकों को लाभान्वित किया गया है। राज्य में अभी तक 1 लाख 19 हजार 876 मवेशियों का यूनिट के माध्यम से उपचार किया गया है।

## कपीरी क्षेत्र की समस्याओं पर आज होगा मंथन

चमोली : कपीरी क्षेत्र की विभिन्न समस्याओं को लेकर कपीरी विकास संघर्ष समिति की बैठक रविवार 25 फरवरी को फलोटा में आहूत की गई है। बैठक में कालेश्वर पंपिंग पेयजल योजना, कर्णप्रयाग, नैनीसैन, बगोली मोटर मार्ग, अन्य रोडो के मुद्दे, विद्युत विभाग, स्वास्थ्य, सहित अन्य विभागों पर चर्चा की जाएगी। साथ ही समिति द्वारा अब तक तक किए गए कार्यों पर चर्चा, संगठनात्मक विषयों पर भी चर्चा होगी। कपीरी विकास संघर्ष समिति के महामंत्री महिपाल सिंह नेगी ने बताया बैठक में कपीरी विकास संघर्ष समिति की कार्यकारिणी, क्षेत्र के ग्राम प्रधान, क्षेत्र पंचायत सदस्य, पूर्व जनप्रतिनिधि, सामाजिक संगठनों से जुड़े व्यक्ति, सैनिक, भूतपूर्व सैनिक, कर्मचारी, अधिकारी, महिला मंगल दलों के अध्यक्ष, युवक मंगलदलों के अध्यक्ष, क्षेत्र की जनता शामिल रहेगी। (एजेंसी)

# एक्स्ट्रा स्पेस का मसौदा पुर्नवास निदेशक को सौंपा

नई टिहरी : टिहरी बांध विस्थापितों के कब्जे वाली अतिरिक्त भूमि नियमितीकरण को लेकर शासन–प्रशासन स्तर पर कवायद तेज हो गई है। उम्मीद जताई जा रही है कि जल्द ही लोगों को सरकार की ओर से इसका लाभ मिल सकता है। विधायक किशोर उपाध्याय की सीएम पुष्कर सिंह धामी से मामले में कार्यवाही की मांग पर अब जिला प्रशासन और पुनर्वास विभाग प्रस्ताव तैयार कर रहे हैं। अतिरिक्त भूमि नियमितीकरण समिति के पदाधिकारियों ने पत्रकार वार्ता के दौरान बताया कि शुक्रवार को उन्होंने नई टिहरी में टिहरी बांध विस्थापितों और प्रभावितों के कब्जे वाले एक्स्ट्रा स्पेस का मसौदा डीएम व पुनर्वास निदेशक को सौंप दिया है। बताया 502 लोगों ने इसके लिए आवेदन किया है। समिति के सचिव राजेंद्र प्रसाद डबराल, पूर्व प्रमुख खेम सिंह चौहान, चंद्रपाल सिंह परमार, मदन चौहान, शीशराम थपलियाल, रणजीत सिंह नेगी ने सरकार और विधायक किशोर उपाध्याय का आभार जताया है। कहा कि 21 फरवरी को हुई बैठक में विधायक उपाध्याय ने प्रशासन को मामले में त्वरित कार्यवाही करने को कहा है। उन्होंने पुनर्वास निदेशालय के अधिकारियों को पूर्व में तैयार रिपोर्ट और कुछ अवशेष विस्थापितों के कब्जे वाली भूमि का मूल्यांकन व सर्वे कर रिपोर्ट शासन को भेजने की अपील की है। (एजेंसी)

## 20 मार्च से शुरू होगा नन्दा देवी हरियाली मेला

चमोली : उत्तराखंड के सुप्रसिद्ध नन्दा धाम नौटी में 20 से 22 मार्च तक नन्दा देवी हरियाली मेला भव्यता और परम्परा से आयोजित किया जाएगा। मेला समिति के अध्यक्ष भुवन नौटियाल ने बताया हर वर्ष आयोजित होने वाला नन्दा देवी हरियाली मेला को भव्य रूप देने के लिए शनिवार को नौटी में आयोजित बैठक में लिया गया। मेला समिति के अध्यक्ष भुवन नौटियाल ने कहा नन्दा देवी हरियाली मेला की तैयारी बैठक में बड़ी संख्या में क्षेत्रीय जन प्रतिनिधियों , शिक्षण संस्थानों से जुडे शिक्षकों, महिला मंगल दलों, युवक मंगल दलों और गांव की जनता ने भाग लेकर मेले को भव्यता और परम्परा से मनाने पर सहमति जताई। मेला समिति के अध्यक्ष भुवन नौटियाल ने यह भी बताया इस बार नन्दा देवी हरियाली मेला बस स्टेशन नौटी के बजाय नौटी गांव स्थित मां भगवती के मंदिर में आयोजित होगा।

# मुख्य विकास अधिकारी ने मतदाता जागरूकता गीत का किया विमोचन




चमोली : लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 में शत प्रतिशत मतदान के लिए स्वीप की ओर से विभिन्न गतिविधियों का संचालन किया जा रहा है। एक ओर जहां स्वीप की ओर से जिले में चौपाल, मतदाता शपथ, दीवार लेखन और ईवीएम प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। वहीं शनिवार को स्वीप की ओर से मतदाता जागरूकता के लिये झुमेलो गीत जारी किया गया।

जिला सभागार में आयोजित कार्यक्रम के दौरान स्वीप के नोडल अधिकारी व मुख्य विकास अधिकारी अभिनव शाह ने गीत को जारी किया। उन्होंने बताया कि स्वीप की ओर से अक्षत नाट्य संस्था के सहयोग से गढ़वाली झुमेलो गीत, आवा भै बंधो मतदान करा... तैयार किया गया है। गीत में मतदाताओं को जागरुक करने के साथ ही मतदान केंद्र पर आवश्यक दस्तावेजों की जानकारी भी दी गई है। इसके साथ ही जनपद के नारायणबगड़, चिड़ंगा मल्ला, नंदानगर सहित विभिन्न स्थानों पर मतदाता जागरुकता के साथ ही ईवीएम प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। साथ ही जिले के सभी नगर क्षेत्रों में ध्वनि प्रसारक यंत्रों से मतदाताओं को जागरुक करने के साथ ही दीवार लेखन कार्य करवाया जा रहा है। पीजी कॉलेज गोपेश्वर में सेल्फी प्वाइंट के साथ फोटोग्राफी मतदाता शपथ आयोजित की गई।

# आंगनबाडी से जुड़ी महिलाओं का धरना चौथे दिन भी जारी

चमोली : आंगनबाडी कार्यकर्ता, सहायिका एवं मिनी कर्मचारियों का पांच सूत्रीय मांगों के समर्थन में धरना तहसील परिसर में जारी रहा। आंगनबाडी वर्कस ने सरकार के खिलाफ नारेबाजी की। आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं ने कहा कि लंबे समय से वे अपनी मांगों के सन्दर्भ में सरकार से पत्राचार कर रहे हैं लेकिन उनकी कोई सुनवाई नहीं हो रही है। आरोप लगाया कि राज्य एवं केन्द्र की विविध योजनाओं को धरातल में उतारने के लिए सरकार उनका सहयोग तो ले रही है लेकिन मानदेय नहीं बढा रही है। जोशीमठ तहसील में संगठन अध्यक्ष बीना कनवासी के नेतृत्व में आंगनबाडी वर्कस ने धरना दिया। व अपनी मांगों के समर्थन में एसडीएम को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन के माध्यम से आंगनबाडी वर्कस ने उनका मानदेय 18 हजार प्रतिमाह करने, 15 वर्ष पूरा होने पर मानदेय बढाने, रिटायरमेंट पर एकमुश्त दो लाख देने, गोल्डन कार्ड जारी करने, मिनी आंगनबाडी को उच्चीकृत करने की मांग की। धरना देने वालों में उपाध्यक्ष सुनीता थपलियाल, कोषाध्यक्ष शशी फरस्वांण, सचिव अनीता लामा, शान्ती मैखुरी, मंजू देवी, रजनी पंत, देवकी, सरिता परमार, पदमा, मंजू नेगी, कुसुम, बीना वर्मा आदि मौजूद रहे। (एजेंसी)

## भरदार पट्टी के नौली गांव को सड़क की सौगात, विधायक ने किया शिलान्यास

रुद्रप्रयाग : भरदार पट्टी के नौली गांव को 17 वर्षों बाद सड़क के रूप में बड़ी सौगात मिली है। 28.27 लाख की लागत से बनने वाली 1 किमी. सड़क का रुद्रप्रयाग विधायक भरत सिंह चौधरी ने भूमि पूजन एवं शिलान्यास किया है। जिससे लोगों में खुशी का माहौल है। जखोली ब्लॉक के भरदार पट्टी में नौली गांव के लिए तिलवाडा-सौंराखाल मोटर मार्ग पर नौली बैंड से नौली गांव के लिए सड़क निर्माण का विधायक द्वारा भूमि पूजन एवं शिलान्यास किया गया।

राज्य योजना में बनने वाली सड़क का भूमि पूजन एवं शिलान्यास करने से ग्रामीणों में खुशी है। ग्रामीण लंबे समय से सड़क की मांग करते आ रहे थे और अब 17 वर्ष के लम्बे अंतराल के बाद मांग पूरी हुई है।

# विद्युत दरों को लेकर हुई जनसुनवाई में उपभोक्ताओं ने दिए सुझाव




नई टिहरी : जिला पंचायत सभागार में 2024-25 के लिए प्रस्तावित विद्युत दरों को लेकर उत्तराखंड विद्युत नियामक आयोग के अध्यक्ष डीपी गैरोला की मौजूदगी में जन सुनवाई हुई। जन सुनवाई में स्थानीय उपभोक्ताओं ने अपने सुझाव रखे। आयोग ने सुझावों पर तत्परता से विचार करने का भरोसा उपभोक्ताओं को दिया।

शनिवार को जिला पंचायत के सभागार में उत्तराखंड विद्युत नियामक आयोग ने जन सुनवाई की। जन सुनवाई के दौरान आयोग के अध्यक्ष गैरोला ने उपभोक्ताओं के पक्ष को तत्परता से सुना। पुरानी टिहरी बांध विस्थापित संघर्ष समित के अध्यक्ष भवानी प्रताप सिंह पंवार, उपाध्यक्ष आनंद प्रकाश घिल्डियाल, विजय सिंह परमार, समोष पांडे आदि ने आयोग से बांध प्रभावितों को रियायती दरों पर बिजली दिलाने की मांग की। जबकि नागरिक मंच टिहरी के चंडी प्रसाद डबराल ने भी बांध विस्थापितों व विस्थापित शहर नई टिहरी की समस्याओं को रखते हुए रियायती दरों पर बिजली देने की मांग आयोग के समक्ष रखी। इस दौरान स्थानीय लोगों ने मासिक बिल दिए जाने की मांग भी। बिलों में अस्पष्ट चार्जो पर भी उपभोक्ताओं ने नाराजगी जाहिर की। जिसे लेकर यूपीसीएस को स्थिति स्पष्ट करने की मांग की। यूपीसीएल के अधिकारियों ने उपभोक्ताओं से सरकार की सोलर प्लांट योजना का लाभ उठाने की अपील की और कहा कि इसका लाभ लेने में उत्तराखंड के पर्वतीय क्षेत्रों के लोगों के लिए फायदेमंद है। आयोग ने बताया कि यूपीसीएल, पिटकुल, यूजेवीएनएल एवं एसएलडीसी ने वर्ष 2024-25 के लिए विद्युत दरों की बढ़ोतरी का मसौदा आयोग के समक्ष प्रस्तुत किया है।

जिसमें 38.66 प्रतिशत की वृद्धि प्रस्तावित है। आयोग ने कहा कि सभी जनपदों के उपभोक्तओं की सुनवाई करने के बाद घरेलु, अघरेलु, उद्योग श्रेणी, पीटीडब्ल्यू की दरों को लेकर निर्णय लिया जायेगा। नई विद्युत दरें एक अप्रैल, 2024 से लागू होंगी। इस मौके पर आयोग के अध्यक्ष डीपी गैरोला, तकनीकी सदस्य मदन लाल प्रसाद, सचिव नीरज सती, निदेशक वित्त दीपक पांडे, निदेशक तकनीकी प्रभात किशोर, उपनिदेशक प्रशासन दीपक कुमार सहित तमाम अधिकारी व उपभोक्ता मौजूद रहे। (एजेंसी)

जयन्त
संस्थापक
स्व.नरेन्द्र उनियाल
प्रकाशक,मुद्रक और स्वामी
**नागेन्द्र उनियाल** द्वारा प्रतिभा प्रेस से मुद्रित तथा बद्रीनाथ मार्ग कोटद्वार (गढ़वाल) से प्रकाशित
—सम्पादक
**नागेन्द्र उनियाल**
आर.एन.आई. 35469/79
फोन/फैक्स 01382–222383
मो. 8445596074, 9412081969
e-mail: nagendra.uniyal@gmail.com